सत्यमेव जयते

# कार्यकलापों का सारांश
# SUMMARY OF ACTIVITIES 2023

भारतीय डाक

India Post


डाक विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार

Department of Posts, Ministry of Communications, Government of India

सत्यमेव जयते

# कार्यकलापों का सारांश
# SUMMARY OF ACTIVITIES
# 2023

भारतीय डाक

India Post

डाक विभाग
संचार मंत्रालय
भारत सरकार

Department of Posts
Ministry of Communications
Government of India

## क. डाक विभाग का एक सिंहावलोकन

### परिचय

1. संचार मंत्रालय के अंतर्गत डाक विभाग का नेतृत्व संचार मंत्री और संचार राज्य मंत्री करते हैं। सचिव, डाक विभाग और अध्यक्ष, डाक सेवा बोर्ड विभाग के प्रमुख होते हैं। प्रशासन और प्रचालन संबंधी सभी मामलों को महानिदेशक डाक सेवाएं देखते हैं।

### मुख्यालय में योजना एवं नीति निर्माण

2. डाक सेवा बोर्ड (पीएसबी) डाक विभाग का सर्वोच्च प्रबंधन निकाय है। इसमें अध्यक्ष, महानिदेशक डाक सेवाएं, अपर महानिदेशक (समन्वय) और छह अन्य सदस्य शामिल हैं। अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार (एएस एंड एफए) बोर्ड के स्थायी आमंत्रित सदस्य होते हैं। बोर्ड के सदस्य कार्मिक प्रबंधन, डाक प्रचालन, प्रौद्योगिकी समावेशन और कार्यान्वयन, डाक जीवन बीमा और डाक जीवन बीमा निधि के निवेश, बैंकिंग, मानव संसाधन विकास और योजना संबंधी कामकाज देखते हैं। अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार (एएस एंड एफए) विभाग के एकीकृत वित्त विंग (आईएफडब्ल्यू) के प्रमुख हैं। डाक सेवा बोर्ड के सचिव इस बोर्ड को उस के कामकाज में सहायता प्रदान करते हैं। इसके अलावा, व्यवसाय विकास निदेशालय, पार्सल निदेशालय और डाक जीवन बीमा निदेशालय के मुख्य महाप्रबंधक और मुख्यालय में उप महानिदेशक, निदेशक और सहायक महानिदेशक इस बोर्ड को अपेक्षित सहयोग प्रदान करते हैं।

### संवैधानिक एवं विधिक प्रावधान

3. भारत के संविधान के अनुच्छेद 246 (1) के अनुसार, संसद को, सातवीं अनुसूची की सूची I (अथवा "संघ सूची") में सूचीबद्ध किसी भी विषय पर कानून बनाने का विशेष अधिकार प्राप्त है। डाक विभाग भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 द्वारा शासित होता है और भारतीय डाकघर नियम, 1933 अधीनस्थ कानून के रूप में कार्य करता है। 24 दिसंबर, 2023 को भारत के राष्ट्रपति से मंजूरी प्राप्त होने के पश्चात डाकघर अधिनियम, 2023 अधिसूचित कर दिया गया है।

## ख. डाक नेटवर्क

### डाक सर्कल

4. प्रशासनिक सुविधा के लिए देश के डाक नेटवर्क को 23 डाक सर्कलों में विभाजित किया गया है। कुछ अपवादों को छोड़कर आमतौर पर एक सर्कल एक राज्य के साथ सह–संबद्ध होता है। प्रत्येक सर्कल का प्रमुख मुख्य पोस्टमास्टर जनरल होता है। सर्कलों को अलग–अलग क्षेत्रों में विभाजित किया गया है जो विभिन्न फील्ड यूनिट्स से मिलकर बनते हैं, जिन्हें डिवीजन (डाक/आरएमएस) कहा जाता है। प्रत्येक क्षेत्र का प्रमुख पोस्टमास्टर जनरल होता है। सर्कलों और क्षेत्रों में स्टाम्प डिपो, स्टोर डिपो और मेल मोटर सेवा जैसी अन्य कार्यात्मक और सहायक इकाइयाँ होती हैं।

### सेना डाक सेवा कोर

5. 23 सर्कलों के अलावा, सशस्त्र बलों की डाक संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सेना डाक सेवा (एपीएस) नामक एक अलग विंग है। एपीएस को एक अलग सर्कल अर्थात बेस सर्कल का नाम दिया गया है।

## A. An overview of Department of Posts

### Introduction

1. Department of Posts under the Ministry of Communications is headed by the Minister of Communications and the Minister of State for Communications. The Department is headed by the Secretary, Department of Posts, and Chairperson, Postal Services Board. The Director General, Postal Services handles all matters relating to Administration and Operations.

### Planning and Policy Formulation at Headquarters

2. The Postal Services Board (PSB) is the apex management body of the Department of Posts. It comprises the Chairperson, Director General Postal Services, Additional Director General (Coordination) and six Members. The Additional Secretary and Financial Advisor (AS&FA) is the permanent invitee to the Board. The Members of the Board look after areas of Personnel Management, Postal Operations, Technology Induction and Implementation, Postal Life Insurance & Investment of Postal Life Insurance Funds, Banking, Human Resources Development and Planning. The Additional Secretary and Financial Advisor (AS&FA) heads the Integrated Finance Wing (IFW) of the Department. Secretary, Postal Services Board assists the Board in its functioning. In addition, Chief General Managers of Business Development Directorate, Parcel Directorate and Postal Life Insurance Directorate and Deputy Directors General, Directors and Assistant Directors General at the Headquarters provide necessary support to the Board.

### CONSTITUTIONAL AND LEGAL PROVISIONS

3. As per the Article 246 (1) of the Constitution of India, the Parliament has exclusive power to make laws with respect to any of the matters enumerated in List I (or the "Union List") in the Seventh Schedule. Department of Posts is governed by the Indian Post Office Act, 1898 and the Indian Post Office Rules, 1933 serve as subordinate legislation. On 24th December, 2023, the Post Office Act, 2023 has been notified after receiving the assent of the President of India.

## B. Postal Network

### Postal Circles

4. The Postal network of the Country is divided into 23 Postal Circles for administrative convenience. Circles are generally co-terminus with a State with a few exceptions. Each Circle is headed by a Chief Postmaster General. The Circles are further divided into Regions comprising groups of field units, called Divisions (Postal/RMS). Each Region is headed by a Postmaster General. In the Circles and Regions, there are other functional and supporting units like Stamp Depots, Store Depots and Mail Motor Service.

### Army Postal Service Corps

5. Apart from the 23 Circles, there is a separate wing called the Army Postal Services (APS) to take care of postal needs of the Armed Forces. APS is designated as another Circle called the Base Circle.

**डाक प्रचालन**

6. 164,972 डाकघरों के साथ दुनिया का सबसे बड़ा डाक नेटवर्क भारत में है, इनमें से 149,478 (90.61%) डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में और 15,494 (9.39%) डाकघर शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। देश में 810 प्रधान डाकघर, 24,271 उप–डाकघर और 139,891 शाखा डाकघर हैं। भारत में एक डाकघर औसतन 19.93 वर्ग किमी क्षेत्रफल में और 8,415 लोगों को सेवाएँ प्रदान करता है।

## ग. डाक सेवाएं द्वार पर

### डाकघर सेवाओं की डोरस्टेप डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग

7. आसान और किफ़ायती समाधान सुनिश्चित करने के लिए आईटी सक्षमता उपलब्ध होने से, भारतीय डाक आजकल डाक सेवाओं के अलावा बैंकिंग, बीमा, पासपोर्ट, आधार और यहां तक कि प्रमुख तीर्थों से गंगाजल और प्रसाद की बिक्री जैसी कई विविध सेवाएं भी प्रदान कर रहा है। वित्तीय सेवाओं की डोर–स्टेप डिलीवरी के लिए, वर्ष 2018 में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) शुरू किया गया। 31 दिसंबर, 2023 तक 650 शाखाओं, और डाकघरों में 1.61 लाख एक्सेस केन्द्रों की सहायता से आईपीपीबी में 8.16 करोड़ खाते खोले गए हैं और 8,532 करोड़ रुपए जमा किए गए हैं। इसके अलावा, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के माध्यम से 31 दिसंबर, 2023 तक 10.24 करोड़ लाभार्थियों को कुल 30,381.96 करोड़ रुपये संवितरित किए गए।

## घ. वित्तीय सेवाएँ

### डाकघर बचत बैंक (पीओएसबी)

8. डाकघर बचत बैंक, बचत खाते, आवर्ती जमा (आरडी), सावधि जमा (टीडी), मासिक आय योजना (एमआईएस), लोक भविष्य निधि (पीपीएफ), राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी), किसान विकास पत्र (केवीपी), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) और सुकन्या समृद्धि खाता संचालित करता है। दिनांक 31.03.2023 तक डाकघर में सभी राष्ट्रीय बचत योजनाओं और बचत पत्रों के तहत बकाया राशि 1635219.59 करोड़ रुपए है। बचत बैंक योजनाओं और बचत पत्र संबंधी ब्यौरा निम्नानसार है:

| डाकघर बचत योजना: खाते और शेष (दिनांक 31.03.2023 तक) | | |
|---|---|---|
| योजना का नाम | खातों/ बचतपत्रों की संख्या | मार्च, 2023 तक बकाया राशि (करोड़ रुपये में) |
| बचत बैंक | 75224480 | 174464.77 |
| आवर्ती जमा | 114113048 | 178423.43 |
| सावधि जमा | 22726765 | 280437.05 |
| मासिक आय योजना | 9358670 | 242315.27 |
| लोक भविष्य निधि | 4169532 | 133166.05 |
| वरिष्ठ नागरिक बचत | 3354193 | 137299.94 |
| सुकन्या समृद्धि खाते | 29395449 | 122436.18 |
| कुल | **258342137** | **1268542.70** |
| **बचत पत्र** | | |
| राष्ट्रीय बचत पत्र VIII | | 167053.19 |
| किसान विकास पत्र-2014 | | 199623.70 |
| कुल | | **366676.90** |
| कुल योग | | **1635219.59** |

**POSTAL OPERATIONS**

6. India has the largest Postal Network in the world with 164,972 Post Offices, of which 149,478 (90.61%) are in rural areas and 15,494 (9.39%) are in urban areas. There are 810 Head Post Offices, 24,271 Sub-Post Offices and 139,891 Branch Post Offices in the country. On an average, a Post Office in India serves an area of 19.93 sq.km. and a population of 8,415 people.

## C. Postal Services at Doorstep

**Using technology towards doorstep delivery of Post Office services**

7. With IT enablement for ensuring easy and cost effective solutions, now-a-days India Post is rendering several diverse services such as banking, insurance, passport, Aadhar & even sale of Gangajal and Prasadam of important shrines, in addition to postal services. Towards door-step delivery of financial services, India Post Payments Bank (IPPB) was launched in 2018. IPPB, with 650 branches and 1.61 lakh access points in Post Offices, has 8.16 crore accounts opened and Rs. 8,532 crore deposits up to 31st December, 2023. Total Rs. 30,381.96 crore disbursed through Aadhar enabled Payments System (AePS) to 10.24 crore beneficiaries up to 31st December, 2023.

## D. Financial Services

**Post Office Savings Bank (POSB)**

8. The Post Office Savings Bank operates Savings Accounts, Recurring Deposit (RD), Time Deposit (TD), Monthly Income Scheme (MIS), Public Provident Fund (PPF), National Savings Certificate (NSC), Kisan Vikas Patra (KVP), Senior Citizens Savings Scheme (SCSS) and Sukanya Samriddhi Account. The outstanding balance under all National Savings Schemes and Saving Certificates in Post Office is over Rs. 1635219.59 Crore as on 31.03.2023. The profile of the Savings Bank Schemes and Saving Certificate is as under:-

**POST OFFICE SAVINGS SCHEME: ACCOUNTS & BALANCE (AS ON 31.03.2023)**

| Name of the Scheme | Number of Accounts/ Certificates | Outstanding Balances upto March, 2023 (Rs. in Crore) |
|---|---|---|
| Savings Bank | 75224480 | 174464.77 |
| Recurring Deposit | 114113048 | 178423.43 |
| Time Deposit | 22726765 | 280437.05 |
| Monthly Income Scheme | 9358670 | 242315.27 |
| Public Provident Fund | 4169532 | 133166.05 |
| Senior Citizen Savings | 3354193 | 137299.94 |
| Sukanya Samriddhi | 29395449 | 122436.18 |
| **Total** | **258342137** | **1268542.70** |
| **Savings Certificate** | | |
| National Savings Certificate VIII | | 167053.19 |
| Kisan Vikas Patra -2014 | | 199623.70 |
| **Total** | | **366676.90** |
| **Grand Total** | | **1635219.59** |

**शुरू की गईं नई पहलें**

9. डाक विभाग ने सभी 1.65 लाख डाकघरों में कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) लागू किया है, और एटीएम और ई–बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एनएसडीएल के माध्यम से पैन सत्यापन करना, इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सेवाएं, एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से फंड ट्रांसफर और कई अन्य सेवाओं की सुविधा आरम्भ की है।

दिनांक 31.12.2023 तक की प्रमुख उपलब्धियां:

| क्र.सं. | योजना का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्रचालनरत 'डाकघर एटीएम' की संख्या | 1,000 |
| 2. | सुकन्या समृद्धि खाते (सक्रिय खाते) | 3.12 करोड़ |
| 3. | पीएमएसबीवाई (नए/स्व नवीनीकरण) नामांकन | 21.22 लाख |
| 4. | पीएमजेजेबीवाई (नए/स्व नवीनीकरण) नामांकन | 1.34 लाख |
| 5. | एपीवाई नामांकन | 3.95 लाख |
| 6. | एनपीएस ऑनलाइन सेवाओं सहित राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) (सकल नागरिक मॉडल) | 32 हजार |
| 7. | महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र (एमएसएससी) | 22.79 लाख |

**डाक जीवन बीमा (पीएलआई) और ग्रामीण डाक जीवन बीमा (आरपीएलआई)**

10. डाक विभाग दो प्रकार की जीवन बीमा योजनाएं प्रदान करता है, नामतः डाक जीवन बीमा (पीएलआई) और ग्रामीण डाक जीवन बीमा (आरपीएलआई)। 01 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक की अवधि के दौरान प्राप्त व्यवसाय और दिनांक 31.12.2023 को पीएलआई/आरपीएलआई के अंतर्गत कुल बीमित राशि इस प्रकार है:

| योजना का नाम | 01 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक की अवधि में खरीदी गई नई पॉलिसियों की संख्या (लाख में) | बीमित राशि (करोड़ रुपये में) | पॉलिसियों की कुल संख्या | कुल बीमा राशि (करोड़ रुपये में) | प्रीमियम आय (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| पीएलआई | 6.00 | 36640 | 69,79,492 | 2,74,514 | 10,799 |
| आरपीएलआई | 8.90 | 16904 | 2,64,87,535 | 1,82,332 | 4,471 |

**पीएलआई और आरपीएलआई पॉलिसियों को जारी रखने के लिए निम्नलिखित दरों पर बोनस की घोषणा की गई है:**

पीएलआई / आरपीएलआई के बोनस की दर

| योजना | प्रतिवर्ष प्रति हजार रुपये की बीमा राशि पर बोनस की दरें | | |
|---|---|---|---|
| | आजीवन बीमा | बंदोबस्ती बीमा | प्रत्याशित बीमा |
| दिनांक 31.03.2023 को पीएलआई पर | 76/- रु. | 52/- रु. | 48/- रु. |
| दिनांक 31.03.2023 को आरपीएलआई पर | 60/- रु. | 48/- रु. | 45/- रु. |

**New Initiatives Undertaken**

9. Department of Post has implemented Core Banking Solution (CBS) in all 1.65 Lakh Post Offices, and expanded ATM and e-Banking, Mobile Banking, PAN validation through NSDL, Electronic Clearing Services, fund transfers through NEFT / RTGS and many others

Milestones reached as on 31.12.2023

| Sl. No. | Name of the Scheme | Number |
|---|---|---|
| 1. | No. of Post Office ATMs functioning | 1,000 |
| 2. | Sukanya Samriddhi Accounts (Live Accounts) | 3.12 Crore |
| 3. | PMSBY (New /Auto Renewal) Enrolments | 21.22 lakh |
| 4. | PMJJBY (New/Auto Renewal) Enrolments | 1.34 lakh |
| 5. | APY Enrolments | 3.95 lakh |
| 6. | National Pension System (NPS) (All Citizen Model) including NPS Online Services | 32 thousand |
| 7. | Mahila Samman Savings Certificate (MSSC) | 22.79 lakh |

**Postal Life Insurance (PLI) and Rural Postal Life Insurance (RPLI)**

10. Department of Posts offers two types of life insurance schemes, namely Postal Life Insurance (PLI) and Rural Postal Life Insurance (RPLI). The business procured during the period 01st January 2023 to 31st December 2023 and the total sum assured in PLI /RPLI as on 31.12.2023 is as under:-

| Name of Plan | No. of new policies procured in period 01st January 2023 to 31st December 2023 (in lakhs) | Sum Assured (in Rs. cr) | Aggregate No. of Policies | Aggregate Sum Assured (in Rs. cr) | Premium income (in Rs. cr) |
|---|---|---|---|---|---|
| PLI | 6.00 | 36,640 | 69,79,492 | 2,74,514 | 10,799 |
| RPLI | 8.90 | 16,904 | 2,64,87,535 | 1,82,332 | 4,471 |

The bonus for continuing PLI and RRLI Policies has been declared at the following rates :

RATE OF BONUS OF PLI/RPLI

| Plan | Rates of Bonus per Rupees thousand sum assured per annum | | |
|---|---|---|---|
| | Whole Life Assurance | Endowment Assurance | Anticipated Assurance |
| PLI as on 31.03.2023 | Rs.76/- | Rs.52/- | Rs.48/- |
| RPLI as on 31.03.2023 | Rs.60/- | Rs.48/- | Rs.45/- |

01 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक की अवधि के दौरान निपटाए गए पीएलआई और आरपीएलआई पॉलिसियों से संबंधित दावों का विवरण निम्नानुसार है:

| विवरण | पीएलआई | आरपीएलआई |
|---|---|---|
| दावों की संख्या (लाख में) | 2.67 | 3.52 |
| भुगतान की गई राशि (करोड़ रुपये में) | 7551.16 | 2810.22 |

**इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी)**

11. आईपीपीबी देश के हर जिले, कस्बे और गांव में 1.65 लाख डाकघरों और 4.17 लाख से अधिक डाक कर्मचारियों (ग्रामीण डाक सेवकों सहित) के विशाल डाक नेटवर्क की सहायता से ग्रामीण बैंकिंग संबंधी आधारभूत ढांचे के आकार को लगभग 2.5 गुना बढ़ाने हेतु प्रयासरत है। इसकी मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

- डाकघरों में 1.61 लाख आईपीपीबी एक्सेस प्वाइंट शुरू किए गए हैं। इनमें से 1.36 लाख से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में हैं।
- 8.16 करोड़ आईपीपीबी बैंक खाते डिजिटल और पेपरलेस मोड में खोले गए – 77% ग्राहक ग्रामीण भारत से हैं।
- जमा शेष 8532 करोड़ रुपये है।
- आईपीपीबी के 44% ग्राहक महिलाएं हैं।
- 98% महिलाओं के खाते उनके घर जाकर खोले गए हैं।
- 68% से अधिक महिला खातों में प्रत्यक्ष लाभांतरण लाभ प्राप्त हुआ है।
- 5,82,597 करोड़ रुपये राशि के कुल 506 करोड़ वित्तीय लेनदेन हुए।
- स्मार्टफोन और बायोमेट्रिक उपकरणों से लैस पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवकों के माध्यम से आईपीपीबी ग्राहकों को असिस्टेड मोड में लेनदेन की सुविधा, जिसकी मदद से दूरदराज के क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना सुगम हुआ है।
- 26,990 करोड़ रुपये के, 20.5 करोड़ डीबीटी संवितरण लेनदेन।
- 6.87 करोड़ 'चाइल्ड एनरोलमेंट लाइट क्लाइंट (सीईएलसी)' लेनदेन किए गए हैं।
- 10.24 करोड़ 'आधार आधारित भुगतान सेवा (एईपीएस)' लेनदेनों के माध्यम से "अन्य बैंकों के ग्राहकों" को 30,381 करोड़ रुपये की राशि संवितरित की गई।

## ङ. लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला

### ङ1. मेल सेवाएँ

**स्पीड पोस्ट**

12. स्पीड पोस्ट डाक विभाग का प्रमुख उत्पाद है और यह घरेलू एक्सप्रेस उद्योग के क्षेत्र में बाजार में सबसे अग्रणी है।

पिछले वर्ष और चालू वर्ष के दौरान स्पीड पोस्ट ट्रैफ़िक और राजस्व:

| वर्ष | ट्रैफिक (करोड़ में) | राजस्व (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|
| 2022-23 | 50.85 | 2015.61 |
| 2023 (जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक) | 64.00 | 2522.89 |

**रीयल टाइम में सुपुर्दगी (डिलिवरी) संबंधी जानकारी**

13. ग्राहकों को डिलिवरी संबंधी सूचना रीयल टाइम में अपडेट करने के उद्देश्य से डाक विभाग ने

The claims in respect of PLI and RPLI policies settled during the period 01st January 2023 to 31st December 2023 is as under:

| Details | PLI | RPLI |
|---|---|---|
| Number of Claims (in lakh) | 2.67 | 3.52 |
| Amount paid (in Rs. crore) | 7551.16 | 2810.22 |

**India Post Payments Bank (IPPB)**

11. IPPB is leveraging the vast postal network of 1.65 lakh Post Offices and more than 4.17 lakh Postal employees (including Gramin Dak Sevaks) in every district, town and village of the country to increase the size of rural banking infrastructure by almost 2.5 times. Key Highlights are:-

- 1.61 lakh IPPB Access Points enabled in Post Offices - 1.36+ lakh in rural areas.
- 8.16 Crore IPPB Bank Accounts opened in Digital and Paperless mode - 77% of the customers are from rural India.
- Rs. 8532 crore deposit balance.
- 44% of IPPB customers are women.
- Accounts of 98% women have been opened at their Doorstep.
- More than 68% of Women Accounts received DBT benefit.
- 506 crore financial transactions involving Rs. 5,82,597 crore.
- Assisted mode of transaction for IPPB customers through Postmen and Gramin Dak Sevaks who are equipped with smartphones and biometric devices and are providing simplified banking services in remote areas.
- 20.5 crore DBT Disbursement transactions worth Rs. 26,990 crore.
- 6.87 crore Child Enrolment Lite Client (CELC) transactions.
- Rs. 30,381 crore disbursed to "customers of other Banks" through 10.24 crore Aadhaar enabled Payment Service (AePS) transactions.

## E. Logistics and Supply Chain

### E1. Mail Services

**Speed Post (Document)**

12. Speed Post is the flagship product of the Department of Posts and the market leader in the domestic express industry.

Speed Post traffic and revenue during the last year and current year:-

| Year | Traffic (in Crore) | Revenue (Rs. in crore) |
|---|---|---|
| 2022-23 | 50.85 | 2015.61 |
| 2023 **(Jan 2023 to Dec 2023)** | 64.00 | 2522.89 |

**Real Time Delivery Updation**

13. In order to provide real time delivery status to customers, Department of Posts has

स्पीड पोस्ट, पंजीकृत पत्रों/पार्सलों, मनीआर्डरों और कैश–ऑन–डिलिवरी (सीओडी) पार्सलों की सुपुर्दगी का कार्य एक मोबाइल आधारित एप्लीकेशन नामतः पोस्ट मैन मोबाइल एप्लीकेशन (पीएमए) के माध्यम से किया जाना प्रारंभ किया है। पोस्टमैन मोबाइल एप्लीकेशन (पीएमए) ने, सुपुर्दगी स्थलों के अक्षांश (लैटीट्यूड) तथा देशांतर रेखा (लांगीट्यूड) के साथ, डिलिवरी संबंधी सूचना ग्राहकों के साथ रीयल टाइम में साझा करना संभव बनाया है। लेखादेय मेल की डिलिवरी हेतु पीएमए के प्रयोग में बड़ी वृद्धि दर्ज की गई है और यह संख्या  मई, 2019 की 4.33 लाख डाक–वस्तुओं/पार्सलों से बढ़कर दिसंबर, 2023 में 5.84 करोड़ हो गई है।

### पत्र–पेटियों का इलेक्ट्रॉनिक क्लियरेंस

14. डाक विभाग ने पत्र–पेटियों के क्लियरेंस के डिजिटल प्रमाण के उद्देश्य से, विभाग के स्व–विकसित 'नन्यथा' सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए पत्र–पेटियों के इलेक्ट्रॉनिक क्लियरेंस की प्रणाली कार्यान्वित की है। पत्र–पेटियों की इलेक्ट्रॉनिक क्लियरेंस ने इस प्रक्रिया को इलेक्ट्रॉनिक रूप से पारदर्शी बनाया है और इस कार्य की मॉनीटरिंग के लिए एक तंत्र विकसित किया है। दिसंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार, देशभर में 55,000 पत्र–पेटियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक क्लियरेंस की सुविधा कार्यान्वित कर दी गई है।

### आधार कार्डों तथा मतदाता के फोटो आधारित पहचान पत्रों (ईपीआईसी) का संवितरण

15. अक्तूबर, 2021 से अब तक, देशभर में 7.45 करोड़ से अधिक ईपीआईसी कार्डों को संबंधित लाभार्थियों को डिलिवर किया जा चुका है। विभाग ने आमजन को 190 करोड़ आधार पत्र भी डिलिवर किए हैं।

### मेल प्रोसेसिंग हबों का ऑनलाइन कार्य संचालन

16. विभाग के सभी मेल प्रोसेसिंग हबों में कोर सिस्टजम इंटीग्रेशन (सीएसआई) समाधान लागू किया गया है, जोकि ऑनलाइन कार्य संचालन की सुविधा मुहैया कराता है। 247 स्पीड पोस्टक प्रोसेसिंग हब, 315 कंप्यूटराइज्ड पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), 315 अपंजीकृत मेल कार्यालय, 519 बिजनेस प्रोसेसिंग केंद्र (बीपीसी), 20 बुक नाउ, पे लेटर (बीएनपीएल) केंद्र और 310 ट्रांजिट मेल कार्यालय (टीएमओ) अपना प्रचालन कार्य सीएसआई समाधान के माध्यम से ऑनलाइन रूप से कर रहे हैं।

### रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईफी)

17. मेल और पार्सलों के पारेषण की प्रक्रिया में, बुकिंग से लेकर डिलिवरी तक के प्रत्येक चरण में, लगने वाले समय को मॉनीटर करने के लिए, विभाग द्वारा आरएफआईडी प्रौद्योगिकी के चरणबद्ध समावेशन का कार्य किया जा रहा है। देशभर के 37 प्रमुख मेल एक्सचेंज हबों में आरएफआईडी गेट लगाए गए हैं।

## ङ2. पार्सल सेवाएं

18. ई–कॉमर्स के क्षेत्र में हुई विश्वव्यापक वृद्धि ने डाक विभाग के लिए कूरियर, एक्सप्रेस एवं पार्सल (सीईपी) बाजार में अनेक संभावनाएं उत्पन्न की हैं। विभाग, पार्सल हैंडलिंग क्षमता में बढ़ोतरी हेतु भी कदम उठा रहा है।

### विभाग की प्रमुख पहलें

### पार्सल हब

19. पार्सलों की त्वरित एवं सुरक्षित प्रोसेसिंग के लिए 190 पार्सल हबों वाला नेटवर्क स्थापित किया गया है। 8 शहरों नामतः दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू,

started delivery of Speed Post, Registered Letters/Parcels, Money Order and Cash on Delivery (COD) parcels through a Mobile Application known as the Postman Mobile Application (PMA). Introduction of PMA has enabled sharing of real-time delivery information with latitude and longitude of the delivery locations with the customers. Use of PMA for delivery of accountable mail has shown a quantum jump from 4.33 lakh Articles / Parcels in May, 2019 to 5.84 crore in December 2023.

**Electronic Clearance of Letter Boxes**

14. In order to have a digital foot print of the clearance of letter boxes, Department of Posts has implemented electronic clearance of letter boxes through in-house developed "Nanyatha" software. e-Clearance of letter boxes has brought about electronic visibility in the clearance of letter boxes and a mechanism to monitor the letter box clearance. As on December, 2023, e-clearance of letter boxes has been implemented for 55,000 letter boxes in the country.

**Delivery of Aadhaar Cards and Elector Photo Identity Cards (EPIC)**

15. Since the beginning in October, 2021, more than 7.45 crore EPICs have been delivered to the addressees across the country. Department has also delivered 190 crore Aadhaar letters to the citizens.

**Online Working of Mail Processing Hubs**

16. Core System Integration (CSI) solutions which provides for online functioning, has been implemented in all Mail Processing Hubs of the Department. 247 Speed Post processing Hubs, 315 Computerized Registration Center (CRCs), 315 Unregistered Mail offices, 519 Business Processing Center (BPCs), 20 BNPL Center and 310 Transit Mail Offices (TMOs) are performing their operations online in CSI solutions.

**Radio Frequency Identification (RFID)**

17. Department is in the process of inducting in a phased manner, RFID technology to monitor the time taken in transmission of mail and parcels on every leg from booking to delivery. RFID gates have been installed at 37 major Mail Exchange Hubs across the country.

## E2. Parcel Services

18. Worldwide exponential growth of e-Commerce has opened a new window of opportunity for Department of Posts in the Courier, Express and Parcel (CEP) market. Department is taking steps to increase Parcel handling capacity.

**MAJOR INITIATIVES OF THE DEPARTMENT**

**Parcel Hubs**

19. A network consisting of 190 Parcel Hubs has been operationalized for expedited and safe processing of Parcels. Semi-automated

विजयवाड़ा, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ और हैदराबाद में कन्वेयर बेल्ट और डायनैमिक तोल प्रणाली वाली अर्द्ध–स्वचालित छंटाई प्रणाली कार्यान्वित की गई है। इन अर्द्ध–स्वचालित केंद्रों की प्रोसेसिंग क्षमता 2500 पार्सल प्रतिघंटा की है और इन्हें विशेष रूप से ई–कॉमर्स पार्सलों की बड़ी मात्रा को हैंडल करने के लिए डिजाइन किया गया है।

**नोडल डिलिवरी केंद्र**

20. दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों के माध्यम से, विशेष रूप से पार्सलों की त्वरित डिलिवरी सुनिश्चित करने हेतु नोडल डिलिवरी केंद्रों की स्थापना की गई है। 31.12.2023 तक की स्थिति के अनुसार, देशभर में 1500 से अधिक पिनकोड क्षेत्रों को कवर करते हुए 219 नोडल डिलिवरी केंद्र प्रचालित किए गए हैं। ये केंद्र, देशभर के 145 शहरों में स्थित हैं, ताकि पार्सलों की द्वार पर सुपुर्दगी को बेहतर बनाया जा सके।

**डाक सड़क परिवहन नेटवर्क**

21. विभाग ने देशभर के 300 से अधिक शहरों को जोड़ने के लिए डाक सड़क परिवहन नेटवर्क कार्यान्वित करने की योजना बनाई है। 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार, प्रतिदिन 57,000 कि.मी. से अधिक के डेली रन के साथ, डाक सड़क परिवहन नेटवर्क के 76 राष्ट्रीय मार्ग प्रचालित हैं। इन राष्ट्रीय मार्गों को आगे कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए राज्यस्तरीय मार्गों से जोड़ा गया हैं। डाक सड़क परिवहन नेटवर्क के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 420 टन मेल एवं पार्सलों का पारेषण किया जा रहा है।

**ट्रांसशिपमेंट केंद्र**

22. वाहनों की शीघ्र आवाजाही तथा पार्सल बैगों के सुचारू आदान–प्रदान के लिए गुवाहाटी (असम), सागर (मध्यप प्रदेश), चेन्नई (तमिलनाडु), सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल), बेंगलुरू (कर्नाटक) और नबादीगंता (पश्चिम बंगाल) में राजमार्ग के निकट/शहरी सीमा के बाहर 6 ट्रांसशिपमेंट केंद्र प्रचालनरत किए गए हैं। गोलकुंडा (हैदराबाद) और बुटीबोरी (महाराष्ट्र) में दो और ट्रांसशिपमेंट केंद्र प्रचालन हेतु तैयार हैं।

**मेल मॉनीटरिंग यूनिट**

23. मेल और पार्सलों की बुकिंग, प्रोसेसिंग, पारेषण तथा सुपुर्दगी पर ध्यान केन्द्रित करने हेतु 17 जुलाई, 2023 से निदेशालय, सर्कल, क्षेत्र और डिवीजन स्तर पर मेल मॉनीटरिंग यूनिट (एमएमयू) नामक विशिष्ट इकाई स्थापित की गई है।

**2023 वर्ष के दौरान हैंडल किया गया पार्सल परियात**

24. स्पीड पोस्ट पार्सल, बिजनेस पार्सल और पंजीकृत पार्सलों के परियात संबंधी आंकड़े निम्नानुसार हैं :

| पार्सल परियात | 01.01.2023 से 31.12.2023 की अवधि के दौरान (लाख में) |
|---|---|
| स्पीड पोस्ट पार्सल | 219.75 |
| बिजनेस पार्सल | 61.74 |
| पंजीकृत पार्सल | 258.25 |
| पंजीकृत पैकेट | 102.37 |
| **कुल** | **642.11** |

**मद–वार डाक परियात**

25. वर्ष 2021–22 तथा 2022–23 के दौरान मद–वार डाक परियात का विवरण निम्नानुसार हैः

sorting systems with conveyor belts and dynamic weighing system have been made functional at eight cities viz. Delhi, Mumbai, Bengaluru, Vijayawada, Jaipur, Kolkata, Lucknow and Hyderabad. These semi-automated centres have parcel processing capacity of up to 2500 parcels per hour and are especially designed to handle high volume of e-Commerce Parcels.

**Nodal Delivery Centres**

20. Nodal Delivery Centres have been established for exclusive and expeditious delivery of Parcel by using two and four-wheeler vehicles. 219 Nodal Delivery Centers covering 1500+ Pin Code areas have been operationalized across the country as on 31.12.2023. These are located in 145 cities across the country to improve performance of doorstep delivery of Parcels.

**Postal Road Transport Network**

21. Department has planned to implement a Postal Road Transport Network to connect more than 300 cities across India. Seventy-Six National routes of Postal Road Transport Network, involving daily run of over 57,000 km per day are operational as on 31.12.2023. These are further supplemented by State level routes in a hub and spoke manner. On an average 420 tonnes of Mails and Parcels are transmitted through the Postal Road Transport Network on daily basis.

**Transshipment Centres**

22. Six Transshipment Centres at Guwahati (Assam), Sagar (Madhya Pradesh), Chennai (Tamil Nadu), Siliguri (West Bengal), Bengaluru (Karnataka) and Nabadiganta (West Bengal) have been operationalized along the highways / outside the city limits for faster movement of vehicles and smooth exchange of parcels bags. Two more facilities are ready for operationalization at Golconda (Hyderabad) and Butibori (Maharashtra).

**Mail Monitoring Unit**

23. In order to have a focused attention on booking, processing, transmission and delivery of Mail & Parcels, a dedicated unit called Mail Monitoring Unit (MMU) has been set up at Directorate, Circle, Regional and Divisional level with effect from 17th July, 2023.

**Parcel Traffic Handled during the Year 2023**

24. Traffic figures for Speed Post Parcel, Business Parcel and Registered Parcels are as under:-

| Parcel Traffic | During the Period 01.01.2023 to 31.12.2023 (In Lakh) |
|---|---|
| Speed Post Parcel | 219.75 |
| Business Parcel | 61.74 |
| Registered Parcel | 258.25 |
| Registered Packet | 102.37 |
| **Total** | **642.11** |

**Article-Wise Mail Traffic**

25. Article-wise mail traffic during 2021-2022 and 2022-2023 is given below:-

| (पंजीकृत, अपंजीकृत तथा प्रीमियम उत्पाद) | | |
|---|---|---|
| (संख्या करोड़ में) | | |
| **मद** | **2021-22** | **2022-23** |
| **1. पोस्ट कार्ड*** | **70.3** | **66.7** |
| **2. पत्र** | | |
| (i) स्पीड पोस्ट | 44.25 | 53.1 |
| (ii) पंजीकृत पत्र | 17.61 | 18.72 |
| (iii) बीमित पत्र | 0.05 | 0.06 |
| (iv) मूल्य देय पत्र | 0.09 | 0.07 |
| (v) अपंजीकृत पत्र# | 221.77 | 230.30 |
| **कुल पत्र डाक** | **283.77** | **302.25** |
| **3. पंजीकृत समाचार-पत्र** | **34.14** | **35.64** |
| **4. पार्सल** | | |
| (i) पंजीकृत पार्सल | 1.80 | 2.05 |
| (ii) बीमित पार्सल | 0.05 | 0.06 |
| (iii) मूल्य देय पैकेट | 0.10 | 0.13 |
| (iv) अपंजीकृत पार्सल | 6.93 | 7.99 |
| **कुल पार्सल डाक** | **8.88** | **10.23** |
| **5. पैकेट** | | |
| (i) पंजीकृत पैकेट | 0.41 | 1.05 |
| (ii) मूल्य देय पैकेट | 0.07 | 0.04 |
| (iii) अपंजीकृत पैकेट | 55.15 | 56.58 |
| **कुल पैकेट डाक** | **55.63** | **57.67** |
| **सकल योग (1 से 5)** | **452.72** | **472.49** |
| * पावतियों सहित | | |
| # पत्र कार्डों और अपूर्ण भुगतान वाले पत्रों सहित | | |

## ङ3. अंतरराष्ट्रीय मेल सेवा

### अंतरराष्ट्रीय ईएमएस सेवा

26. इसे अंतरराष्ट्रीय स्पीड पोस्ट के नाम से भी जाना जाता है। यह, डाक विभाग की अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रीमियम सेवा है। वर्तमान में यह सेवा 106 देशों के लिए उपलब्ध है।

### अंतरराष्ट्रीय ट्रैक्ड पैकेट सेवा (आईटीपीएस)

27. वर्तमान में यह सेवा यूएसए, ग्रेट ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, यूएई आदि जैसे प्रमुख गंतव्य स्थानों सहित 41 देशों के लिए उपलब्ध है।

### वर्तमान में की गई पहलें – डाकघर निर्यात केंद्र (डीएनके)

28. डाक चैनलों के माध्यम से वाणिज्यिक निर्यात को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डाकघर निर्यात केंद्रों (डीएनके) की स्थापना की जा रही है। डाक विभाग ने देशभर में जिला स्तर तक 1005 डीएनके खोले जाना प्राधिकृत किया है। 31 दिसंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार, 879 डाकघर निर्यात केंद्र प्रचालनरत किए जा चुके हैं। इन डाक निर्यात केंद्रों के माध्यम से विगत वर्ष के दौरान करीब 64 करोड़ रुपये मूल्य के लगभग 3 लाख शिपमेंट का निर्यात किया गया है।

## ङ4. व्यवसाय विकास हेतु उत्पाद

### मैगजीन पोस्ट

29. मैगजीनों की डिलिवरी के लिए ट्रैक एवं ट्रेस सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से 01.04.2022 से मैगजीन पोस्टल सेवा की शुरुआत की गई। 124 प्रकाशक इस सेवा के अंतर्गत पंजीकरण करा चुके हैं। 01.04.2022 से 31.12.2023 तक मैगजीन पोस्ट सेवा के अंतर्गत कुल 58,64,340 मैगजीन बुक की गई, जिससे विभाग को 6.61 करोड़ रु. का राजस्व अर्जित हुआ है।

## च. नागरिक केंद्रित सेवाएं

### डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके)

30. पासपोर्ट सेवाओं की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए और उन नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए, जिन्हें पहले पासपोर्ट प्राप्त करने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने डाकघर नेटवर्क का लाभ उठाने और डाकघर पासपोर्ट

| (Registered, Unregistered and Premium Products) | | |
|---|---|---|
| (number in Crore) | | |
| Article | 2021-22 | 2022-23 |
| **1. Postcard *** | **70.3** | **66.7** |
| **2. Letters** | | |
| i) Speed Post | 44.25 | 53.1 |
| ii) Registered Letter | 17.61 | 18.72 |
| iii) Insured Letter | 0.05 | 0.06 |
| iv) Value Payable Letter | 0.09 | 0.07 |
| v) Unregistered Letter # | 221.77 | 230.30 |
| **Total Letter Mail** | **283.77** | **302.25** |
| **3. Registered Newspaper** | **34.14** | **35.64** |
| **4. Parcel** | | |
| i) Registered Parcel | 1.80 | 2.05 |
| ii) Insured Parcel | 0.05 | 0.06 |
| iii) Value Payable Parcel | 0.10 | 0.13 |
| vi) Unregistered Parcel | 6.93 | 7.99 |
| **Total Parcel Mail** | **8.88** | **10.23** |
| **5. Packet** | | |
| i) Registered Packet | 0.41 | 1.05 |
| ii) Value Payable Packet | 0.07 | 0.04 |
| iii) Unregistered Packet | 55.15 | 56.58 |
| **Total Packet Mail** | **55.63** | **57.67** |
| **Grand Total (1 to 5)** | **452.72** | **472.49** |
| * Include acknowledgements. | | |
| # Include letter cards and insufficiently paid letters. | | |

## E3. International Mail Services

### International EMS Service (EMS)

26. Also known as International Speed Post, EMS is the premium service among the International offerings of the Department of Posts. Currently this service is available for 106 countries.

### International Tracked Packet Service (ITPS)

27. Currently this service is available for 41 countries including major export destinations such as USA, Great Britain, Australia, Canada, Germany, UAE etc.

### Recent Initiatives - Dak Ghar Niryat Kendras (DNKs)

28. DNKs are being established to promote commercial export through Postal channel. Department of Posts has authorized 1005 DNKs up to district level across the country and 879 DNKs have been operationalized by 31st December 2023. Around 3 lakh shipments with value of around Rs 64 crore have been exported in the last one year.

## E4. Business Development Products

### Magazine Post

29. Launched on 01.04.2022 to provide Track & Trace facility for delivery of Magazines, 124 publishers have been registered and 58,64,340 magazines have been booked under Magazine Post Service from 01.04.2022 to 31.12.2023 earning a revenue of Rs. 6.61 Crore.

## F. Citizen Centric Services

### Post Office Passport Seva Kendras (POPSKs)

30. In view of increased demand for Passport services and in order to provide convenience to the citizens who earlier had to travel long distance to get Passports, Ministry of External Affairs (MEA) has associated with

सेवा केंद्रों (पीओपीएसके) की स्थापना करके उनके निवास के निकट ही पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से डाक विभाग के साथ समझौता किया है। अब तक 434 पीओपीएसके खोले जा चुके हैं, जिनमें दिसंबर, 2023 तक 129.89 लाख से अधिक पासपोर्ट आवेदनों पर कार्रवाई की गई है, जिससे विभाग ने 428.64 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है।

### डाकघर आधार अद्यतन (अपडेशन) तथा नामांकन केंद्र

31. लोगों को उनके निवास के निकट ही आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से देशभर के डाकघरों में कुल 13,352 आधार नामांकन एवं अद्यतन केंद्र खोले गए हैं। भारतीय डाक ने सेना डाक सेवा और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के सहयोग से रक्षा कार्मिकों के लिए आधार संबंधी सेवाओं की शुरुआत की है।

### भारतीय डाक यात्री आरक्षण प्रणाली (आईपी–पीआरएस)

32. वर्तमान में, देशभर में 317 आईपी–पीआरएस केंद्र हैं।

### डाकघर – जन सेवा केंद्र (पीओ–सीएससी)

33. मई, 2020 में डाकघरों के माध्यम से सीएससी सेवाएं, प्रायोगिक परियोजना के रूप में 11 सर्कलों के 22 डाकघरों से प्रारंभ की गई। 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार, 1,43,066 डाकघरों को डाकघर–जन सेवा केंद्र (पीओ–सीएससी) के रूप में ऑन–बोर्ड किया गया है। 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार, 256.56 करोड़ रुपए मूल्य के 30.04 लाख सीएससी लेन–देन कार्य किए गए हैं।

### रिटेल पोस्ट

34. ग्राहकों को उनके निवास के निकट ही विविध जनोपयोगी सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से डाकघरों को वन–स्टॉप शॉप के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। भारतीय डाक, 'रिटेल पोस्ट' के अंतर्गत डाकघरों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए अनेक सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। इनमें बिजली के बिलों, टेलीफोन बिलों, कर और शुल्क आदि का संग्रहण शामिल हैं। देशभर में 4116 डाकघरों के माध्यम से गंगाजल की बिक्री की जा रही है। साथ ही, यह सुविधा ऑनलाइन पोर्टल अर्थात् "ePostoffice.gov.in" पर भी उपलब्ध है। विभिन्न श्राइन बोर्डों का पवित्र प्रसाद, ऑनलाइन के साथ–साथ देशभर के चुनिंदा डाकघरों में भी उपलब्ध है। वर्तमान में, 124 मंदिरों ने भारतीय डाक की 'पवित्र प्रसाद' सेवा के तहत पंजीकरण किया हैं। भक्तजन, भारतीय डाक की वेबसाइट पर जाकर प्रसाद हेतु बुकिंग करा सकते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय धन अंतरण – वेस्टर्न यूनियन

35. यह सेवा, रियल टाइम आधार पर भारतीय ग्राहकों को 195 देशों से तत्काल अंतरराष्ट्रीय धन प्रेषण की सुविधा प्रदान करती है। भारतीय डाक, वेस्टर्न यूनियन के सहयोग से यह सेवा, देशभर के 16000 से अधिक डाकघरों के माध्यम से उपलब्ध करा रहा है।

### जीवन प्रमाण केंद्र (जेपीसी)

36. जीवन प्रमाण, पेंशनरों के लिए अपना जीवन प्रमाण–पत्र डिजिटल रूप से जमा करने हेतु एक बायोमीट्रिक समर्थित डिजिटल सेवा है। 01 अक्तूबर,

the Department of Posts to leverage the Post Office network and provide Passport services to people in their vicinity by establishing Post Office Passport Seva Kendras (POPSKs). As on date 434 POPSKs have been opened, which have processed 129.89 lakh passport applications till December, 2023, earning a revenue of Rs. 428.64 crore for the Department.

**Post Office Aadhaar Updation and Enrollment Centre**

31. 13,352 Aadhaar Centers were set up Pan India in Post Offices with an aim to provide Citizen Centric Services to the citizens in the vicinity of their localities. India Post in collaborations with Army Postal Service and Unique Identification Authority of India (UIDAI) started Aadhaar services for Defence personnel.

**India Post Passenger Reservation System (IP-PRS)**

32. Currently, 317 IP-PRS centres are available across the Country.

**Post Office-Common Service Centre (PO-CSC)**

33. The CSC Services through Post Offices commenced as pilot in May, 2020 with 22 Post Offices from 11 Circles. 1,43,066 Post Offices as Post Office-Common Service Centres (PO-CSC) have been on-boarded as on 31.12.2023. 30.04 lakh CSC transactions with a value of Rs. 256.56 crore have been rendered as on 31.12.2023.

**Retail Post**

34. Post Offices are also being developed as one stop shop to provide a range of utility services to the customers in the vicinity of their localities. India Post is leveraging the vast network of Post Offices across the Country by providing services under "Retail Post" which include collection of electricity bills, telephone bills, taxes and fees. Sale of Gangajal is done through 4116 Post Offices across the Country and also available on online portal i.e "ePostoffice.gov.in". The Holy Prasad of various shrine Boards are available online and also available in selected Post Offices. Presently, 124 Temples are registered under Holy Blessing service of Department of Posts. Devotees can book Prasadam by visiting the website of India Post.

**International Money Transfer – Western Union**

35. The Service enables instant International Money Remittance to customers in India sent from around 195 countries on a real time basis. India Post is operating this Service in association with Western Union from more than 16,000 Post Office locations all across the Country.

**Jeevan Pramaan Centre (JPC)**

36. Jeevan Pramaan is a biometric enabled digital service for pensioners for submitting their Life Certificates digitally. A total of 3,31,309 Digital Life Certificates (DLCs) have been received and processed, out of which

2023 से 31 दिसंबर, 2023 के दौरान, प्रधान डाकघरों में कुल 3,31,309 डिजिटल जीवन प्रमाण–पत्र (डीएलसी) प्राप्त और प्रोसेस किए जा चुके हैं, जिनमें से 2,85,618 डीएलसी को सफलतापूर्वक रजिस्टर किया जा चुका है (यह अभियान, प्रत्येक वर्ष 1 अक्तूबर से चलाया जाता है)।

## छ. फिलैटली

37. फिलैटली, डाक–टिकटों तथा अन्यत संबंधित वस्तुओं के संग्रहण के शौक के साथ–साथ डाक इतिहास के अध्ययन का भी नाम है। फिलैटली, राष्ट्रीय विरासत तथा संस्कृति के संवर्द्धन और विशेष अवसरों/आयोजनों तथा विशिष्ट व्यक्तित्वों के महत्व को रेखांकित करने और उनकी याद को संजोने का माध्यम है।

### स्मारक डाक–टिकट

38. 1 जनवरी, 2023 से 31 दिसंबर, 2023 तक की अवधि के दौरान, स्मारक डाक–टिकटों के कुल 47 निर्गम जारी किए गए। इनमें विभिन्न विशिष्ट विभूतियों/विशेष आयोजनों/ अवसरों/ संस्थाओं/ उपलब्धियों पर और मित्र देशों के साथ जारी संयुक्त डाक–टिकट शामिल हैं। इनमें से कुछेक महत्वपूर्ण स्मारक डाक–टिकट निम्नलिखित विषयों पर आधारित थे जैसे – आजादी का अमृत महोत्सव, नया संसद संकुल, मन की बात का 100वां एपिसोड, अंतरराष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष तथा G20 शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली।

### कस्टमाइज्ड माय स्टांप

39. कस्ट माइज्ड माय स्टांप, व्यक्तिगत पसंद के अनुसार मुद्रित डाक–टिकटों की शीट है। कॉरपोरेट निकाय, संगठन एवं संस्थाएं अपनी पसंद के अनुसार इसे मुद्रित करवा सकते हैं। वर्ष 2023 के दौरान कुल 60 कस्टमाइज्ड माय स्टांप जारी किए गए।

40. 17 सितंबर, 2023 को शुरू की गई प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न 18 व्यवसायों पर कॉरपोरेट माय स्टांप को डिजिटल रूप से जारी किया गया। वर्ष, 2023 में 'सकल एकता की सूत्र है संस्कृति', 'मिशन मिलेट्स' तथा 'राष्ट्रीय जल मिशन' आदि सहित अन्य महत्वंपूर्ण डाक–टिकट जारी किए गए।

### फिलैटली प्रदर्शनियां

41. लगभग 15 वर्ष के समयांतराल के बाद राष्ट्रीय फिलैटली प्रदर्शनी 'अमृतपैक्स–2023' का आयोजन किया गया। नई दिल्ली में आयोजित, 'अमृतपैक्स–2023' प्रदर्शनी का उद्देश्य युवा पीढ़ी को फिलैटली के प्रति आकर्षित करने हेतु मंच प्रदान करना था। 50,000 वर्ग फुट के क्षेत्रफल में 1400 से अधिक फ्रेम और डिजिटल प्रदर्शों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही, फिलैटलिक वस्तुओं की बिक्री हेतु 40 से अधिक बूथ भी स्थापित किए गए।

### दीनदयाल स्पर्श (शौक के तौर पर डाक–टिकटों के प्रति अभिरूचि तथा इस क्षेत्र में शोध के प्रचार–प्रसार हेतु छात्रवृत्ति) योजना

42. यह, वर्ष 2017–18 में शुरू की गई फिलैटली छात्रवृति योजना है। इसका उद्देश्य बच्चों में छोटी आयु से फिलैटली के शौक को इस प्रकार बढ़ावा देना है, ताकि यह रूचिकर कार्य उन्हें सुकून भरा अनुभव और तनाव मुक्त जीवन प्रदान करने के साथ–साथ उनके लिए शिक्षाप्रद भी हो। इस योजना के अंतर्गत, प्रति वर्ष कक्षा VI, VII, VIII और IX के देशभर के 920 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

2,85,618 were successfully registered from 1st October, 2023 to 31st December, 2023 in the Head Post Offices (this exercise starts from 1st October every year).

## G. Philately

37. Philately is the hobby of collecting stamps as well as the study of Postal history and other philatelic items. It is a mode of Commemorating, Celebrating and Promoting National heritage, culture, events and personalities.

**Commemorative Postage Stamp**

38. Commemorative Postage Stamps on 47 issues were released during the period 1st January, 2023 to 31st December, 2023, commemorating contributions made by various Personalities/ Important Events/ Occasions /Institutions/Achievements and Joint Issues with friendly nations. Some of the significant commemorations were – Azadi Ka Amrit Mahotsav, New Parliament Complex, 100th Episode of Mann Ki Baat, International Year of Millets (Shree Anna), and G20 Leaders summit, New Delhi.

**Customised My Stamp**

39. Customised My Stamp is a personalised sheet of Postage Stamps wherein Corporates, Organisations and Institutions can get customised sheets printed. During 2023, so far total 60 number of Customised My Stamps have been released.

40. On 17th September, 2023 on the launch of PM Vishwakarma Scheme, Corporate My Stamp on 18 Trades were released digitally by the Prime Minister of India. Other significant Stamps released in 2023 include Culture for All, Mission Millets and National Water Mission etc.

**Philatelic Exhibitions**

41. AMRITPEX-2023, the National Philatelic Exhibition was organized after a gap of almost 15 years. AMRITPEX-2023 was organized in Delhi with an aim to present a platform for the younger generation about philately and its delightful charms. More than 1400 frames and digital exhibits were displayed in a floor area of 50,000 Sq. ft., and over 40 booths were established for sale of philatelic items.

**Deen Dayal SPARSH (Scholarship for Promotion of Aptitude & Research in Stamps as a Hobby) Yojana**

42. This is a Philately Scholarship Scheme introduced in 2017-18 with an objective to "Promote Philately among children at a young age in a sustainable manner that can reinforce and supplement the academic curriculum in addition to providing a hobby that can help them relax and de-stress". Under the Scheme, 920 Scholarships are awarded throughout the country to students from Classes VI, VII, VIII & IX every year by Department of Posts across the Nation.

### ढ़ाई आखर पत्र–लेखन प्रतियोगिता

43. वर्ष 2017–18 में शुरू की गई देशव्यापी पत्र–लेखन प्रतियोगिता, ढाई आखर का इस वर्ष का विषय "डिजिटल इंडिया फॉर न्यू इंडिया" है।

## ज. वित्तीय प्रबंधन और केंद्रीय सेक्टर योजनाएं

44. अप्रैल, 2022 से मार्च, 2023 के दौरान, बचत बैंक तथा बचत पत्रों से संबंधित कार्यों के लिए पारिश्रमिक सहित, डाक विभाग द्वारा अर्जित कुल राजस्व 10917.89 करोड़ रुपए था तथा इस अवधि के दौरान, अन्य मंत्रालयों/विभागों से एजेंसी प्रभारों (वसूलियां) के रूप में प्राप्त राशि 1139.24 करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2022–23 का समग्र कार्यचालन व्यय 32595.57 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2022–23 में विभाग का घाटा 20,538.44 करोड़ रु. था।

**तालिका - वर्ष 2022-23 और 2023-24 का राजस्व एवं व्यय**

(करोड़ रु. में)

| विवरण | वास्तविक | वास्तविक | | |
|---|---|---|---|---|
| | 2022-23 | जनवरी, 2023 से मार्च, 2023 तक | अप्रैल, 2023 से दिसंबर, 2023 तक | कुल (जनवरी, 2023 से दिसंबर, 2023 तक) |
| **राजस्व** | | | | |
| डाक-टिकटों की बिक्री | 169.61 | 54.87 | 114.82 | 169.69 |
| नकदी के रूप में प्राप्त डाक-शुल्क | 3976.92 | 1221.63 | 3113.94 | 4335.57 |
| मनीआर्डर तथा भारतीय पोस्टल आर्डर आदि पर कमीशन | 84.41 | 25.25 | 49.69 | 74.94 |
| बचत बैंक/बचत पत्र कार्य के लिए पारिश्रमिक $ | 6186.71 | 1546.68 | 4835.565 | 6382.25 |
| अन्य प्राप्तियां * | 500.24 | 161.58 | 16.06 | 177.64 |
| **कुल** | **10917.89** | **3010.01** | **8130.075** | **11140.085** |
| **व्यय** | | | | |
| सामान्य प्रशासन | 1756.56 | 359.95 | 1527.37 | 1887.32 |
| प्रचालन | 18570.88 | 2458.62 | 16160.4 | 18619.02 |
| एजेंसी सेवाएं | 415.76 | 91.67 | 373.67 | 465.34 |
| अन्य ** | 11852.37 | 2332.72 | 10205.09 | 12537.81 |
| कुल सकल व्यय | **32595.57** | **5242.96** | **28266.53** | **33509.49** |
| कम वसूलियां | 1139.24 | 1073.58 | 998.59 | 2072.17 |
| निवल व्यय | **31456.33** | **4169.38** | **27267.94** | **31437.32** |
| घाटा (निवल व्यय-राजस्व) | **20538.44** | **1159.37** | **19137.865** | **20297.235** |

*इसमें पासपोर्ट आवेदन पत्र, पासपोर्ट शुल्क टिकटों आदि की बिक्री में से डाक विभाग द्वारा रखे गए सेना प्रभार के साथ–साथ अन्य डाक प्रशासकों से प्राप्त राशि तथा डाक टिकटों और सेवा टिकटों की बिक्री से प्राप्त राशि शामिल है।

** इसमें लेखापरीक्षा व लेखे, सिविल अभियांत्रिकी, कर्मचारियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं, लेखन–सामग्री तथा मुद्रण आदि शामिल है।

$ ये आंकड़े अनंतिम हैं और सामान्य बचत खातों के संबंध में वित्त मंत्रालय के आदेश के बाद, पारिश्रमिक की दरों में संशोधन तथा तत्पश्चात् सर्कलों में समायोजन संबंधी कार्यकलाप के अध्यधीन हैं।

**Dhai Akhar Letter Writing Competition**

43. This year's theme for Dhai Akhar, which is a National Level Letter Writing Competition introduced in 2017-18, is "DIGITAL INDIA FOR NEW INDIA".

## H. Financial Management and Central Sector Schemes

44. The total revenue, including remuneration for Saving Bank and Saving Certificate work earned from April 2022 to March 2023 was Rs. 10917.89 Crore and the amount received from other Ministries/ Departments as Agency Charges (Recoveries) during this period was Rs. 1139.24 Crore. Gross working expenditure of F.Y. 2022-23 was Rs. 32595.57 Crore. Deficit of the Department for F.Y.2022-23 was Rs. 20538.44 Crore.

**Table - Revenue & Expenditure during 2022-23 & 2023-24**

(Rs. in Crore)

| Particulars | Actual | Actual | | |
|---|---|---|---|---|
| | 2022-23 | Jan 2023 to March 2023 | April 2023 to December 2023 | Total (January 2023 to December 2023) |
| **Revenue** | | | | |
| Sale of Stamps | 169.61 | 54.87 | 114.82 | 169.69 |
| Postage Realised in Cash | 3976.92 | 1221.63 | 3113.94 | 4335.57 |
| Commission on Money Orders and Indian Postal Orders etc | 84.41 | 25.25 | 49.69 | 74.94 |
| Remuneration for Saving Bank/Saving Certificates Work $ | 6186.71 | 1546.68 | 4835.565 | 6382.25 |
| Other Receipts * | 500.24 | 161.58 | 16.06 | 177.64 |
| **Total** | **10917.89** | **3010.01** | **8130.075** | **11140.085** |
| **Expenditure** | | | | |
| General Administration | 1756.56 | 359.95 | 1527.37 | 1887.32 |
| Operation | 18570.88 | 2458.62 | 16160.4 | 18619.02 |
| Agency Services | 415.76 | 91.67 | 373.67 | 465.34 |
| Others ** | 11852.37 | 2332.72 | 10205.09 | 12537.81 |
| **Total Gross Expenditure** | **32595.57** | **5242.96** | **28266.53** | **33509.49** |
| Less Recoveries | 1139.24 | 1073.58 | 998.59 | 2072.17 |
| **Net Expenditure** | **31456.33** | **4169.38** | **27267.94** | **31437.32** |
| **Deficit (Net Exp - Revenue)** | **20538.44** | **1159.37** | **19137.865** | **20297.235** |

*This includes service charges retained by the Department of Posts from the sale of Passport Application Form, Passport Fee Stamps, Receipts from other Postal Administration etc. Sale of Postage Stamps, Service Stamps.

**This includes Audit & Accounts, Civil Engineering, Amenities to staff, Stationary & Printing etc.

$ This figure is tentative & subjected to revision of remuneration rate & reconciliation activities in the Circles, post Ministry of Finance order regarding Basic Saving Account.

45. **एजेंसी सेवाओं के परिणामस्वरूप कार्यचालन व्यय की वसूली निम्नानुसार है :**

**तालिका - एजेंसी सेवाओं के परिणामस्वरूप कार्यचालन व्यय की वसूली**

(करोड़ रु. में)

| क्र.सं. | लेखाशीर्ष | वास्तविक 2022-23 | जनवरी,2023 से मार्च 2023 तक | अप्रैल, 2023 से दिसंबर, 2023 तक | कुल (जनवरी, 2023 से दिसंबर, 2023 तक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोयला खानों तथा ईपीएफ/ परिवार पेंशन तथा विविध सेवाओं (डीओटी/बीएसएनएल/एमटीएनएल) का भुगतान | 7.07 | 3.69 | 6.18 | 9.87 |
| 2 | रेलवे पेंशन का भुगतान | 2.66 | 1.27 | 1.22 | 2.49 |
| 3 | डाक जीवन बीमा | 962.98 | 240.75 | 763.6 | 1004.35 |
| 4 | सीमा शुल्क वसूली | 6.88 | 0.03 | 0.01 | 0.04 |
| 5 | अन्य * | 159.65 | 105.61 | 227.58 | 333.19 |
| | **कुल** | **1139.24** | **351.35** | **998.59** | **1349.94** |

* इसमें दिल्ली प्रशासन के गैर–डाक–टिकटों के विक्रय पर कमीशन, सेना डाक सेवा लेखा तथा अन्य सरकारी विभागों आदि से प्राप्त वसूलियां शामिल हैं।

## झ. मिशन कर्मयोगी और प्रशिक्षण इंफास्ट्रक्चर

### मिशन कर्मयोगी – परिचय

46. मिशन कर्मयोगी, सरकारी कर्मियों की दक्षता बढ़ाने की दिशा में किया गया एक प्रयास है। इसका उद्देश्य, सरकारी कार्मिकों को माननीय प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप, पारंपरिक 'कर्मचारी' से कुशल 'कर्मयोगी' बनाना है।

### की गई पहलें

47. डाक विभाग में मिशन कर्मयोगी की शुरुआत, माननीय संचार मंत्री और माननीय संचार राज्य मंत्री के तत्वावधान में 28 जून, 2022 को "डाक कर्मयोगी" ई–लर्निंग पोर्टल के रूप में हुई। इसके बाद से, बड़ी संख्या में विभागीय कर्मचारियों और ग्रामीण डाक सेवकों ने परिणाम–केंद्रित प्रशिक्षण में भाग लिया, जिसके फलस्वरूप वे साधारण से "कर्मचारी" से कुशल "कर्मयोगी" बनने में सफल हुए। राष्ट्र की सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखते हुए, इस पोर्टल पर शैक्षणिक सामग्री 12 भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है।

48. 31 दिसंबर, 2023 तक, डाक विभाग के सभी कर्मचारी, डाक कर्मयोगी पोर्टल और डीओपीटी के iGot कर्मयोगी पोर्टल से सफलतापूर्वक जुड़ चुके हैं। निर्धारित समय–सीमा के भीतर, इन प्लेटफार्मों पर उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों में 42.05 लाख नामांकन हुए हैं। 34.02 लाख प्रतिभागियों ने मिशन कर्मयोगी परियोजना द्वारा निर्धारित उन्नत शैक्षणिक फ्रेमवर्क के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त कर ऑनलाइन प्रमाण–पत्र प्राप्त किया है। इस फ्रेमवर्क को 'वॉच–थिंक–डू–एक्सप्लोर–टेस्ट' (डब्ल्यूटीडीईटी) मॉडल के रूप में जाना जाता है।

45. Recovery of Working Expenses on Account of Agency Services is as under:-

| Table -Recovery of Working Expenses on Account of Agency Services | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | (Rs. in Crore) |
| **Sl. No.** | **Head of Account** | **Actual 2022-23** | **Jan 2023 to March 2023** | **April 2023 to Dec. 2023** | **TOTAL (Jan 2023 to Dec. 2023)** |
| 1 | Payment of Coal Mines and EPF/Family pension and misc services (DOT/BSNL/MTNL) | 7.07 | 3.69 | 6.18 | 9.87 |
| 2 | Payment of Railway Pension | 2.66 | 1.27 | 1.22 | 2.49 |
| 3 | Postal Life Insurance | 962.98 | 240.75 | 763.6 | 1004.35 |
| 4 | Custom Duty Realisation | 6.88 | 0.03 | 0.01 | 0.04 |
| 5 | Others * | 159.65 | 105.61 | 227.58 | 333.19 |
| | **Total** | **1139.24** | **351.35** | **998.59** | **1349.94** |

*This includes Commission on sale of Non-Postal stamps of Delhi Administration, Recoveries from Army Postal Service Accounts and other Government Departments etc.

## I. Mission Karmayogi and Training Infrastructure

**Mission Karmayogi – Introduction**

46. Mission Karmayogi endeavours to augment the proficiency of Government personnel in India. Its objective is to transmute them from conventional 'Karmachari' into adept 'Karmayogi,' thereby harmonizing with the visionary directives articulated by the Prime Minister.

**Initiatives**

47. The initiation of Mission Karmayogi within the Department of Posts marked the unveiling of the "Dak Karmayogi" e-Learning Portal on June 28, 2022, under the auspices of the Minister of Communications and the Minister of State for Communications. Subsequently, a substantial number of Departmental employees and Gramin Dak Sevaks have engaged in outcome-centric training, undergoing a metamorphosis from mere "Karmacharis" to proficient "Karmayogis." Acknowledging the cultural mosaic of the Nation, the portal provides educational content in 12 Indian regional languages.

48. As of December 31, 2023, all employees of DoP have been onboarded on Dak Karmayogi Portal and the iGOT Karmayogi Portal of DoPT. Within this timeframe, an impressive 42.05 lakh course enrollments transpired across these platforms. Significantly, 34.02 lakh participants achieved online certification, having undergone training in accordance with the sophisticated pedagogical framework known as the 'Watch Think Do Explore Test' (WTDET) model, as stipulated by the Mission Karmayogi Project.

49. 'iGot कर्मशाला' में डीओपी के मेधावी प्रशिक्षुओं का सम्मान : 2 मई, 2023 को कर्मयोगी भारत, डीओपीटी द्वारा विज्ञान भवन में आयोजित 'आईजीओटी कर्मशाला' कार्यशाला में डाक विभाग के मेधावी प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया।

50. राष्ट्रीय प्रशिक्षण बैठक (कॉन्क्लेव), 2023: क्षमता निर्माण आयोग ने 11 जून, 2023 को पहला राष्ट्रीय प्रशिक्षण कॉन्क्लेव आयोजित किया। डाक विभाग ने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया और "ट्रांसफार्मेशन टु ए फिजिटल वर्ल्ड ऑफ कैपेसिटी बिल्डिंग" पर पैनल चर्चा में महानिदेशक, डाक सेवा के नेतृत्व में भाग लिया, जिसमें विभाग की उपलब्धियों को बताया गया।

51. आईआईपीए के एसीबीपी प्रशिक्षणों के प्रभाव का आकलन: भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) ने 26 सितंबर, 2023 को विभिन्न डाक सर्कलों के 100 प्रतिभागियों और पर्यवेक्षकों को शामिल करते हुए डाक विभाग की प्रशिक्षण पहल का मूल्यांकन किया। 6 अक्तूबर, 2023 को कैबिनेट सचिवालय की समन्वय इकाई (सीएससीयू) की बैठक के दौरान प्राप्त सकारात्मक परिणामों को प्रस्तुत कर उनकी सराहना की गई।

52. डीओपीटी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत, कर्मयोगी भारत द्वारा मान्यता प्राप्त, iGot कर्मयोगी पोर्टल पर डाक विभाग को 'अग्रणी कार्य प्रदर्शक' और 'अग्रणी कंटेंट प्रोवाइडर' के रूप में सराहा गया है।

## ञ. मिशन भर्ती

### रोजगार मेला

53. भारत सरकार के 'मिशन भर्ती' के तहत, डाक विभाग ने वर्ष 2023 में विभाग द्वारा आयोजित 9 रोजगार मेलों के माध्यम से 94 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति/नियोजन प्रस्ताव जारी किए हैं।

## ट. महिला सशक्तीकरण

### महिलाओं के लिए बजट की व्यवस्था

54. विभाग ने बजट प्राक्कलन 2023–24 में महिलाओं के लिए 1.5 करोड़ रू. का प्रावधान किया है। विभाग ने डाकघरों में क्रेच/टिफिन रूम खोलने और शौचालय की सुविधा प्रदान करने की योजना बनाई है। इसके अलावा, महिला कार्मिकों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विभाग ने तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित करने की योजना भी बनाई है।

### महिलाओं के लिए वित्तीय समावेशन

55. वर्तमान, में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आपीपीबी) के 1.61 लाख सेवा केंद्र हैं और इसके अंतर्गत 8.16 करोड़ खाते खोले गए हैं, जिनमें से 44 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। आईपीपीबी, नागरिकों को उनके द्वार पर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराता है। 98 प्रतिशत महिलाओं के खाते उनके द्वार पर खोले गए हैं। 68 प्रतिशत से अधिक महिला खाताधारक आईपीपीबी के माध्यम से डीबीटी सुविधा का लाभ प्राप्त कर रही हैं।

56. नारी शक्ति के हित के लिए केंद्रीय बजट 2023–24 में **'महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र, 2023'** योजना की घोषणा की गई थी। यह योजना 01 अप्रैल, 2023 से 1.65 लाख डाकघरों के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। 31.12.2023 तक, 'महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र, 2023' योजना के तहत डाकघरों में 22.79 लाख खाते खोले गए हैं।

57. **सुकन्या समृद्धि खाता** :– 9–10 फरवरी, 2023 को खोले गए 10.89 लाख सुकन्या समृद्धि खातों सहित 2022–23 में 46 लाख से अधिक नए सुकन्या

49. Felicitation of Top learners of DoP at 'iGOT Karmashala': Top learners from the Department of Posts were honoured at the 'iGOT Karmashala' workshop on May 2, 2023, hosted by Karmayogi Bharat, DoPT at Vigyan Bhawan.

50. National Training Conclave, 2023: The Capacity Building Commission organized the first National Training Conclave on June 11, 2023. The Department of Posts actively participated, emphasizing achievements in a Panel Discussion on "Transformation to a Phygital World of Capacity Building" led by the Director General Postal Services.

51. Impact Assessment of ACBP Trainings by IIPA: The Indian Institute of Public Administration (IIPA) assessed the Department of Posts' Training initiatives on September 26, 2023, with 100 participants and supervisors from various Postal Circles. Results were later presented and appreciated during the Cabinet Secretariat Coordination Unit (CSCU) meeting on October 6, 2023.

52. Department of Posts has garnered accolades as a 'Leading Performer' and 'Leading Content Provider' on the iGOT Karmayogi Portal, recognized by Karmayogi Bharat, under the purview of the DoPT.

## J. Mission Recruitment

### Rozgar Mela

53. Under 'Mission Recruitment' of the Government of India, Department of Posts has issued offer of appointments / engagements to more than 94 thousand youth during the nine Tranches of Rozgar Melas organized by the Department in the year 2023.

## K. Women Empowerment

### Gender Budgeting

54. Department has made a provision of Rs. 1.5 crore in B.E. 2023-24 for Gender concern. Department has planned for opening of Creches / Tiffin rooms and providing washroom facility in the Post offices. Apart from that in order to work on the mental health of women employees, workshops on stress management is also planned to be organized.

### Financial Inclusion for Women

55. At present, India Post Payments Bank (IPPB) has 1.61 Lakh Access Points and a total of 8.16 crore Accounts which includes 44% Women Accounts. IPPB is rendering Banking facilities at the doorsteps of citizens. Accounts of 98% women have been opened at their Doorstep. More than 68% Women Account holders are receiving DBT benefits through IPPB.

56. The **"Mahila Samman Savings Certificate, 2023"** Scheme was announced in the Union Budget 2023-24 for the benefit of Naari Shakti. The Scheme has been made available through 1.65 lakh Post Offices from 1st April, 2023 onwards. 22.79 lakh accounts under "Mahila Samman Savings Certificate, 2023" Scheme have been opened till 31.12.2023 in the Post offices.

57. **Sukanya Samriddhi Accounts** – More than 46 lakh new SSA Accounts were opened in 2022-23 including opening of 10.89 lakh SSA accounts on 9-10 February, 2023. 3.12 crore Sukanya Samriddhi Accounts have been opened by the Department till 31.12.2023. **DoP**

समृद्धि खाते खोले गए। विभाग द्वारा 31.12.2023 तक 3.12 करोड़ सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए हैं। **देशभर में खोले गए कुल सुकन्या समृद्धि खातों में से 84 प्रतिशत खाते डाक विभाग में खोले गए हैं।**

### यौन उत्पीड़न की रोकथाम और मामलों के निपटान

58. कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम और मामलों के निपटान के लिए, डाक निदेशालय में चार सदस्यों सहित एसएजी स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है।

## ठ. सतर्कता प्रशासन एवं धन शोधन निवारण (एएमएल)

### सतर्कता प्रशासन

59. डाक विभाग की एक संपूर्ण सतर्कता व्यवस्था है जिसके अध्यक्ष वरिष्ठ उपमहानिदेशक (सतर्कता) हैं, जो मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के रूप में भी कार्य करते हैं। मुख्य सतर्कता अधिकारी, सतर्कता संबंधी मामलों में सचिव, डाक विभाग के सलाहाकार के रूप में कार्य करते हैं। वे, डाक विभाग तथा केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के बीच एक कड़ी के रूप में भी कार्य करते हैं। सर्कलों, क्षेत्र और डिविजन स्तर पर सतर्कता संबंधी कार्य सर्कलों, क्षेत्रों, डिविजनों के प्रमुखों अर्थात् क्रमशः मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, पोस्टमास्टर जनरल और डिवीजनल प्रमुख द्वारा किए जाते हैं।

### अनुशासनिक मामले

60. 01.01.2023 से 31.12.2023 तक निपटाए गए और लंबित अनुशासनिक मामलों का ब्यौरा निम्नानुसार हैं :–

| समूह | सीसीएस (सीसीए) नियम,1965 का नियम 14 | | सीसीएस (सीसीए) नियम,1965 का नियम 16 | | सीसीएस (पेंशन) नियम, 2021का नियम 8 | | जीडीएस (आचरण एवं नियोजन) नियम, 2020 का नियम 10 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | निपटाए गए मामले | लंबित मामले | निपटाए गए मामले | लंबित मामले | निपटाए गए मामले | लंबित मामले | निपटाए गए मामले | लंबित मामले |
| समूह 'क' | 1 | 10 | 1 | 0 | 3 | 3 | लागू नहीं | |
| पीएस, समूह 'ख' | 9 | 6 | 14 | 7 | 21 | 35 | | |
| समुह 'ख' | 38 | 66 | 167 | 48 | 6 | 26 | | |
| समूह 'ग' | 669 | 1498 | 4119 | 871 | 106 | 399 | | |
| एमटीएस | 16 | 33 | 90 | 7 | 9 | 8 | | |
| जीडीएस | लागू नहीं | | | | | | 3466 | 6146 |

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2023 का आयोजन

61. सीवीसी के दिशा–निर्देशों के अनुसार, 30.10.2023 से 05.11.2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू), 2023 का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2023 के पूर्व–आयोजन के रूप में सतर्कता निवारक उपाय पर एक त्रैमासिक (16.08.2023 से 15.11.2023) अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत 06 मानकों, नामतः पीआईडीपीआई जागरूकता, क्षमता निर्माण, प्रणालीगत सुधार, शिकायत निवारण के लिए

**has a share of 84% in total SSA Accounts opened in the country.**

**Prevention and addressing of Sexual Harassment**

58. To prevent and address Sexual Harassment of Women employees at the workplace, a Committee under the chairmanship of a SAG level officer with four other members has been set up in the Postal Directorate.

## L. Vigilance Administration & Anti Money Laundering (AML)

**Vigilance Administration**

59. Department of Posts has a full-fledged vigilance set-up headed by Senior Deputy Director General (Vigilance), who also acts as Chief Vigilance Officer (CVO) of the Department. The CVO acts as advisor to the Secretary, Department of Posts in all matters pertaining to vigilance and acts as a link between the Department of Posts and the Central Vigilance Commission (CVC). At the Circle, Regional and Divisional levels, Vigilance related functions are discharged by the Head of the Circles, Regions, Divisions i.e. Chief Postmaster General, Postmaster General and Divisional Heads respectively.

**Disciplinary Cases**

60. Summary of the Disciplinary cases disposed of and pending from 01.01.2023 to 31.12.2023 is as under:-

| Group | Rule 14 CCS (CCA) Rules, 1965 | | Rule 16 CCS (CCA) Rules, 1965 | | Rule 8 CCS (Pension) Rules, 2021 | | Rule 10 GDS (Conduct & Engagement) Rules, 2020 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Disposed of | Pending | Disposed of | Pending | Disposed of | Pending | Disposed of | Pending |
| **Group 'A'** | 1 | 10 | 1 | 0 | 3 | 3 | Not applicable | |
| **PS Gr 'B'** | 9 | 6 | 14 | 7 | 21 | 35 | | |
| **Group 'B'** | 38 | 66 | 167 | 48 | 6 | 26 | | |
| **Group 'C'** | 669 | 1498 | 4119 | 871 | 106 | 399 | | |
| **MTS** | 16 | 33 | 90 | 7 | 9 | 8 | | |
| **GDS** | Not applicable | | | | | | 3466 | 6146 |

**Observance of Vigilance Awareness Week, 2023**

61. Vigilance Awareness Week (VAW), 2023 was observed from 30.10.2023 to 05.11.2023 as per the CVC Guidelines. Three months (16.08.2023 to 15.11.2023) long campaign on Preventive Vigilance measures was run as a precursor to Vigilance Awareness Week 2023 focusing on 06 parameters namely: PIDPI Awareness; Capacity Building; Systemic

आईटी का प्रयोग, परिपत्रों/दिशा–निर्देशों का अद्यतन तथा शिकायतों के निवारण पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस अभियान के दौरान सभी 23 डाक सर्कलों के सभी सतर्कता अधिकारियों (वीओ)/सहायक पोस्टमास्टर जनरल (सत.)/सहायक निदेशक (सत.) के लिए डाक भवन, नई दिल्ली में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सतर्कता सप्ताह का विषय 'भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें' था, जिसकी शुरूआत 30.10.2023 को सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुई।

### धनशोधन निवारण – आतंकवाद के वित्तपोषण से मुकाबला (एएमएल–सीएफटी)– प्रशिक्षण/किए गए निरीक्षण

62. कार्मिकों द्वारा प्रभावी एएमएल–सीएफटी मॉनीटरिंग के लिए, वर्ष 2023 में एएमएल–सीएफटी पर 52,791 कार्मिकों ने डाक प्रशिक्षण केंद्रों और कार्य स्थलीय प्रशिक्षण केंद्रो के माध्यम से और 48,998 कार्मिकों ने डाक कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

63. 2023 में देशभर में एएमएल के अनुपालन के संदर्भ में 1,48,175 डाकघरों का निरीक्षण किया गया।

## ड लोक शिकायत

### शिकायत निवारण तंत्र (जीआरएम) का सुदृढ़ीकरण

64. वर्ष 2022 में, भारत सरकार के 89 मंत्रालयों/विभागों के संदर्भ में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) द्वारा जारी प्रथम शिकायत निवारण और मूल्यांकन इंडेक्स (जीआरएआई) में विभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही, विभाग ने अपने पूरे नेटवर्क में सीआरएम को विकेंद्रीकृत करने की ओर कदम उठाया है क्योंकि अब यह एसएपी प्लेटफार्म (सीएसआई) पर कार्य करता है।

### सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन

65. 31 दिसम्बर, 2023 की स्थिति के अनुसार, आरटीआई आवेदनों और अपीलों को हैंडल करने के लिए देशभर में 1272 सीपीआईओ (केंद्रीय जन सूचना अधिकारी) और 181 एफएए (प्रथम अपीलीय प्राधिकारी) के ऑनलाइन खाते बनाए गए हैं।

## ढ. अंतरराष्ट्रीय संबंध

66. अंतरराष्ट्रीय संबंध और वैश्विक व्यवसाय (आईआर और जीबी) डिवीजन, डाक विभाग के अंतरराष्ट्रीय समन्वय और सहयोग से जुड़े मामलों का समन्वय कार्य करता है।

### नई दिल्ली में यूपीयू के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना

67. भारत और विश्व डाक संघ (यूपीयू) ने नई दिल्ली में यूपीयू क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना के लिए दिनांक 19 जुलाई, 2023 को एक समझौता हस्ताक्षरित किया। यूपीयू के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन माननीय संचार राज्य मंत्री श्री देवुसिंह चौहान ने श्री मसाहिको मेटोकी, महानिदेशक विश्व डाक संघ (डीजीयूपीयू) की उपस्थिति में किया।

### अमृतपेक्स – 2023 के दौरान जी20 गोलमेज सम्मेलन

68. जी20 की भारत की अध्यक्षता के परिप्रेक्ष्य में, डाक–विभाग ने 'डाक सेवाएं–वैश्विक सामाजिक–आर्थिक विकास और जुड़ाव का माध्यम' विषय पर एक गोलमेज सम्मेलन और पैनल चर्चा आयोजित की। यह कार्यक्रम, भारतीय राष्ट्रीय फिलैटलिक प्रदर्शनी 'अमृतपेक्स, 2023' के एक भाग के रूप में आयोजित

Improvements; Leveraging of IT for Complaint disposal; Updation of Circulars/ Guidelines; Disposal of complaints. A one-day workshop of all the Vigilance Officers (VOs) / Assistant Postmaster General (Vig.) / Assistant Director (Vig.) of all 23 Postal Circles was organized during the Campaign at Dak Bhawan, New Delhi. The theme for the week was "Say no to Corruption; commit to the Nation" "भ्रष्टाचार का विरोध करे; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें "which commenced with the Integrity Pledge taking ceremony on 30.10.2023.

**Anti Money Laundering - Combating Financing of Terrorism (AML-CFT)- Training / Inspection carried out**

62. For effective AML-CFT monitoring by staff, 52,791 officials have received training through Postal Training Centres & Workplace Training Centres and 48,998 officials have received training through Dak Karmayogi Portal on AML-CFT for the year 2023.

63. In 2023, 1,48,175 Post Offices have been inspected with reference to AML Compliance across the country.

## M. Public Grievances

**Strengthening of Grievance Redressal Mechanism (GRM)**

64. The Department secured first rank in the first Grievance Redressal and Assessment Index (GRAI) released by the Department of Administrative Reforms and Public Grievances (DARPG) for 89 Ministries / Departments of the Government of India for the year 2022. At the same time, the Department has taken steps towards decentralization of its CRM across the entire network as it now rides on the SAP Platform (CSI)

**Implementation of Right to Information Act 2005**

65. As of December 31, 2023, online accounts for 1272 CPIOs (Central Public Information Officers) and 181 FAAs (First Appellate Authorities) have been created nationwide for handling RTI Applications and Appeals.

## N. International Relations

66. International Relations and Global Business (IR&GB) Division coordinates the matters relating to International Cooperation and Business of the Department of Posts.

**Establishment of UPU Regional Office in New Delhi**

67. India and the Universal Postal Union (UPU), signed an Agreement for establishment of UPU Regional office in New Delhi on 19th July 2023. The Regional Office of UPU was inaugurated by Minister of State for Communications, Shri Devusinh Chauhan in the presence of Director General, Universal Postal Union (DG UPU) - Mr. Masahiko Metoki.

**G20 Roundtable Conference during AMRITPEX-2023**

68. In the context of India's presidency of the G20, the Department of Posts organized a Roundtable Conference and Panel Discussion on the theme "Postal Services- A tool for Global Socio-Economic Development and Connect".

किया गया। पैनल चर्चा हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई, जिसमें विश्व डाक संघ (यूपीयू), एशिया–प्रशांत डाक संघ (एपीपीयू), डाक विभाग, विदेश मंत्रालय, विभिन्न डाक प्रचालकों और जी20 सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व कर रहे मंत्रालयों, आमंत्रित देशों, एपीपीयू के सदस्यों के साथ–साथ डाक क्षेत्र के अन्य हितधारकों ने भी भाग लिया।

## ण. आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम)

### एकेएएम के अंतर्गत फिलैटली संबंधी कार्यकलाप

69. माननीय संचार मत्री और माननीय संचार राज्य मंत्री द्वारा अमृतपेक्स–2023 के उद्घाटन समारोह में आजादी का अमृत महोत्सव विषय पर स्मारक डाक–टिकट जारी किया गया।

### हर घर तिरंगा अभियान 2.0

70. डाक विभाग,ने सभी डाक सर्कलों के साथ हर घर तिरंगा अभियान, 2.0 में पूरी सक्रियता से भाग लिया। इसके अंतर्गत 'भौतिक आउटरीच' और 'डिजिटल आउटरीच' दोनों को कवर करते हुए एक व्यापक कार्य योजना तैयार की गई। इस अभियान में 4 लाख से अधिक डाक कार्मिकों ने भाग लिया, 7500 से अधिक आउटरीच कार्यकलाप आयोजित किए गए और देशभर में 1.4 करोड़ से अधिक झंडों की डिलिवरी की गई।

### 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान

71. 29 और 30 सितंबर, 2023 को डाक कार्यबल ने गांव और वार्ड स्तर पर मिट्टी संग्रह एवं अमृत कलश यात्रा हेतु 1276 ब्लॉकों में 75216 स्थलों को कवर करते हुए एक असाधारण उपलब्धि हासिल की, जो पूर्व में निर्धारित 24,000 स्थलों के लक्ष्य से कहीं अधिक है। इसके दौरान 10 लाख से अधिक लोगों की जनभागीदारी देखी गई।

## त. राजभाषा

72. भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसरण में डाक विभाग सरकारी पत्राचार तथा सभी स्तरों पर दिन–प्रतिदिन के प्रशासनिक कार्यों में हिन्दी का इष्टतम प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। डाक विभाग के राजभाषा अनुभाग द्वारा डाक विभाग के विभिन्न अनुभागों से प्राप्त सभी दस्तावेजों का अनुवाद, टंकण एवं पुनरीक्षण कार्य किया जाता है।

73. डाक विभाग को राजभाषा नीति के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2022–23 के राजभाषा कीर्ति पुरस्कार हेतु 300 से अधिक कार्मिकों वाले मंत्रालय/विभाग की श्रेणी के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया है।

## थ. पूर्वोत्तर एवं सिक्किम का विकास

74. डाक विभाग ने पूर्वोत्तर और सिक्किम के विकास के लिए कई विशेष पहलें की हैं। डाक विभाग को सार्वभौमिक सेवा दायित्व के अंतर्गत संपूर्ण देश में सेवा प्रदान करने का दायित्व प्राप्त है, भले ही सेवा सुपुर्दगी आर्थिक रूप से व्यवहार्य हो या नहीं। विभाग, सरकार के नीति संबंधी दिशा–निर्देशों के अनुसार विशेष रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए केंद्रीय योजनाओं के लिए आबंटन भी निर्धारित करती है।

### पूर्वोत्तर क्षेत्र में सोशल मीडिया की पहुंच

75. पूर्वोत्तर राज्यों में विभागीय उत्पादों और सेवाओं का रेडियो नेटवर्क, स्थानीय अखबारों और डिजिटल होर्डिंग के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया गया है। विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 2023 का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्वोत्तर राज्यों के सभी डाक कर्मियों और नागरिकों की भागीदारी रही। पूर्वोत्तर राज्यों के सभी डाक कर्मचारियों द्वारा "फिजिकल आउटरीच" और

The event was held as a part of India's National Philatelic Exhibition "AMRITPEX 2023". The panel discussion was held in a hybrid format and was attended by dignitaries from the Universal Postal Union (UPU), Asian Pacific Postal Union (APPU), Department of Posts, Ministry of External Affairs (MEA), Postal Operators and Ministries representing G20 Member countries, invitees' countries and members of the APPU along with other stakeholders from the Postal sector.

## O. Azadi Ka Amrit Mahotsav (AKAM)

**Philatelic activities under AKAM**

69. Commemorative Postage Stamps on Azadi Ka Amrit Mahotsav was released by the Minister of Communications and Minister of State for Communications in the Inaugural Ceremony of AMRITPEX-2023.

**Har Ghar Tiranga Campaign 2.0**

70. The Department of Posts actively engaged in the Har Ghar Tiranga Campaign 2.0 with all Postal Circles participating with a comprehensive action plan covering both **"Physical Outreach and Digital Outreach"**. In this campaign, over 4 Lakh Postal employees participated with arrangement of over 7500 Outreach activities and delivery of more than 1.4 Crore flags across the nation.

**Meri Maati Mera Desh Campaign**

71. On 29th and 30th September, 2023, the Postal workforce accomplished an extraordinary feat by covering 75,216 locations in 1276 blocks far surpassing the initial target of 24,000 locations for Mitti collection and Amrit Kalash Yatra at village and ward level witnessing Jan Bhagidaari of more than 10 lakh people.

## P. Official Language

72. In pursuance of the Official Language Policy of the Government of India, Department of Posts is making all efforts to ensure optimum utilization of Hindi Language in Government correspondence and day-to-day administrative work at all levels. The Official Language Section of Department of Posts deals with translation, typing and vetting work of all the documents received from various Sections of the Department.

73. The Postal Department was selected for the Second Prize under the category of Ministry / Department with more than 300 employees for the "Rajbhasha Kirti Award" for the year 2022-23.

## Q. Development of North East & Sikkim

74. Department of Posts has taken up several special initiatives for the development of North East and Sikkim. Department of Posts, which has a Universal Service Obligation to serve the entire Country irrespective of whether the service delivery is economically viable or not, also earmarks allocations for Central Schemes for the exclusive development of North East Region, in accordance with the policy guidelines of the Government.

**Social Media Outreach in North East Region**

75. Departmental Products and Services were advertised through Radio Network, Local Newspapers and digital hoarding in North Eastern States. International Yoga Day, 2023 was celebrated involving all Postal Employees and citizens in North Eastern States. Har Ghar Tiranga Campaign 2.0 was celebrated covering both "Physical Outreach" and "Digital

"डिजिटल आउटरीच" का प्रयोग करते हुए हर घर तिरंगा अभियान 2.0 का आयोजन किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से नेटिजन तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की गई। पूर्वोत्तर क्षेत्र में निम्नलिखित सोशल मीडिया अभियान भी संचालित किए गए :

- आजादी का अमृत महोत्सव
- स्वच्छता पखवाड़ा एवं विशेष अभियान 3.0
- सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2023
- अंतरराष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष, 2023
- राष्ट्रीय डाक सप्ताह 2023 का आयोजन।

### फिलैटली संबंधी कार्यकलाप

76. 2023–24 के दौरान फिलैटली संवर्धन और विपणन हेतु, पूर्वोत्तर सर्कल, असम सर्कल और सिक्किम (पश्चिम बंगाल सर्कल के अंतर्गत) का लिए लेखा शीर्ष – फिलैटली के संवर्धन एवं विपणन के तहत 32 लाख रुपए की निधि और फिलैटली संबंधी प्रचालक व्ययों के लिए 20 लाख रुपए की निधि आबंटित की गई है।

## द. संपदा प्रबंधन

77. डाक विभाग को देशभर में किफायती मूल्य पर मूलभूत डाक सुविधाएं उपलब्ध कराने का सार्वभौमिक सेवा दायित्व प्राप्त है। डाकघरों, मेल और प्रशासनिक कार्यालयों के लिए अच्छी तरह से डिजाइन किए गए भवन उपलब्ध कराना, जो आमजनों के लिए दक्ष डाक सेवाओं की व्यवस्था को सुगम बनाएं, विभाग का महत्वपूर्ण अधिदेश है। 31.03.2023 की स्थिति के अनुसार, विभाग के देशभर में 19629 विभागीय स्टाफ क्वार्टरों के अतिरिक्त 4662 विभागीय भवन, 19324 किराए पर लिए गए भवन और शेष किराया मुक्त भवन हैं। विभाग के पास 1520 खाली पड़े भू–खंड हैं। 2023 के दौरान, 25 डाकघर भवनों का निर्माण और डाक भवनों का नवीनीकरण कार्य किया गया है। दो धरोहर भवनों के पुनरूद्धार का कार्य चल रहा है। 59 डाकघर भवनों में महिलाओं के लिए सुविधाएं (महिला शौचालय/फीडिंग रूम) प्रदान की गई हैं और 37 डाकघरों भवनों में सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत रेलिंग एवं रैम्प और ब्रेल संकेतक लगाए गए हैं।

## ध. सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आधुनिकीकरण 2.0

78. सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आधुनिकीकरण 2.0 के अंतर्गत किए गए कुछ प्रमुख कार्यकलाप निम्नानुसार हैं :–

- आईटी 2.0 परियोजना के सोल्यूशन डिलीवरी एंड गवर्नेंस फ्रेमवर्क (एसडीजीएफ) एंड टेक्नोलॉजी आर्किटेक्चर को अंतिम रूप प्रदान किया गया।
- विभाग की सूचना सुरक्षा प्रबंधन नीति (आईएसएमपी) जारी की गई।
- इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) द्वारा ट्रांजिट कॉन्ट्रेक्ट मैनेजमेंट।
- मंत्रिमंडल के अनुमोदन के अनुसार दोहरे इंफ्रास्ट्रक्चर से बचने के लिए एफएसआई संविदा – बैंकिंग, बीमा का कार्य आईपीपीबी को सौंपना।
- डाक विभाग के एंटरप्राइज नेटवर्क के प्रबंधन के लिए बीएसएनएल को 01.04.2023 से टर्न की आधार पर अनुबंधित करना।
- सभी सर्कलों में 1.36 लाख से अधिक शाखा डाकघरों (बीओ) में एन्ड्रॉयड मोबाइल उपकरणों की मदद से दर्पण 2.0 को लागू करना।
- आईटी 2.0 के तहत एप्लीकेशनों के इन–हाउस विकास के लिए विकास और प्रौद्योगिकी टीमों की सेवाएं लेना।
- वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान सर्कलों के माध्यम से 57.55 करोड़ रुपए के फील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रापण।

Outreach", involving all Postal employees and reaching netizens through social media platforms in North Eastern States. Following social media campaigns were also undertaken in North East Region:-

- Azadi Ka Amrit Mahotsav
- Swachhta Pakhwada & Special Campaign 3.0
- Vigilance Awareness Week 2023
- International Year of Millets 2023
- Celebration of National Postal Week 2023.

**Philately Operations**

76. For Philately Promotion and Marketing during 2023-2024, North East Circle, Assam Circle and Sikkim (under West Bengal Circle) have been allotted fund of Rs. 32 Lakh under Head of Account - Promotion & Marketing of Philately and Rs. 20 Lakh for Philatelic operative expenses.

## R. Estates Management

77. The Department of Posts has a universal service obligation to provide basic postal facilities at an affordable price throughout the country. Providing well designed buildings for post offices, mail and administrative offices which facilitate provision of efficient postal services to the public is an important mandate of the Department. As on 31.03.2023, the Department has 4662 departmental buildings, 19324 rented buildings and rest of the buildings across the country are rent free, in addition to 19629 departmental staff quarters. The department has a total 1520 vacant plots of land. During the year 2023, construction of 25 Post Office Buildings and renovation of 29 Postal building were completed. Restoration of 2 Heritage Buildings is under process. 59 Post office buildings are facilitated with Gender Concern (ladies toilets/ feeding room) and 37 Post offices buildings retrofitted with rails & ramps and braille signages under Sugamya Bharat Abhiyan.

## S. IT Modernization 2.0

78. Some of the major activities that have been undertaken under IT 2.0 are as under:

- Finalization of Solution Delivery & Governance Framework (SDGF) & Technology Architecture of IT 2.0 Project.
- Issuance of Information Security Management Policy (ISMP) of the Department.
- Transit Contract Management by India Post Payments Bank (IPPB). Handover of FSI Contract - Banking, Insurance to IPPB to avoid dual infrastructure as per cabinet approval.
- Engagement of BSNL for management of DoP's Enterprise Network w.e.f. 01.04.2023 on turnkey basis.
- Rolling out of DARPAN 2.0 in more than 1.36 lakh BOs across all the Circles with Android Mobile devices.
- Hiring of Development and Technology Teams for In-house development of Applications under IT 2.0.

79. डाक प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र (सीईपीटी) को बाह्य तथा विभागीय संसाधन उपलब्ध करा कर सुदृढ़ बनाते हुए आईटी 2.0 के तहत इन–हाउस डाक एप्लीकेशन का विकास कार्य सौंपा गया।

## न. मानव संसाधन प्रबंधन

### मानव संसाधन

80. 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार, डाक विभाग में कुल **4,17,114** कर्मचारी हैं, जिनमें से **1,77,412** विभागीय कर्मचारी और **2,39,702** ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) हैं। 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार, विभाग में 29,741 अनुसूचित जाति और 13,705 अनुसूचित जनजाति के कर्मचारी विभिन्न ग्रेडों में कार्यरत हैं। 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार, विभाग में 2858 दिव्यांगजन कर्मचारी, 2159 पूर्व सैनिक, 18 पूर्व–सैनिक (दिव्यांगजन) 35,847 महिलाएं और 40,588 ओबीसी कर्मचारी विभिन्न ग्रेडों में कार्यरत हैं।

## प. स्टाफ कल्याण एवं स्टाफ संबंध

### स्टाफ कल्याण, खेल और सांस्कृतिक कार्यकलाप

81. डाक सेवा स्टाफ कल्याण बोर्ड का गठन विभाग के कर्मचारियों के लिए खेल और सांस्कृतिक कार्यकलापों को बढ़ावा देने सहित कल्याण से संबंधित सभी कार्यकलापों का निरीक्षण करने के लिए निदेशालय स्तर पर किया गया है। संचार मंत्री, इस बोर्ड के अध्यक्ष हैं। देश में कुल 23 सर्कल कार्यरत हैं। सर्कल स्तर पर सर्कल कल्याण बोर्ड भी हैं; विभागीय कर्मचारियों से संबंधित कल्याण उपायों के लिए सहायता निम्नलिखित योजनाओं के तहत उपलब्ध है :–

- मृत्यु होने की दशा में वित्तीय सहायता
- बीमारी/निःशक्ता के कारण कर्मचारियों को वित्तीय सहायता
- शैक्षणिक प्रयोजनों के लिए कर्मचारियों के बच्चों को वित्तीय सहायता
- कर्मचारियों के मनोरंजन संबंधी कार्यकलाप
- अन्य विविध अनुदान

82. डाक खेल बोर्ड का उद्देश्य विभाग में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। डाक खेल बोर्ड द्वारा आयोजित अखिल भारतीय डाक टूर्नामेंट (1 जनवरी, 2023 से 31 दिसम्बर, 2023 तक) का आयोजन निम्नानुसार किया गया :–

| क्र. सं. | खेल प्रतियोगिता | आयोजनकर्ता सर्कल | अवधि |
|---|---|---|---|
| (i) | एथलेटिक्स एवं साइकिलिंग | केरल | 9 से 11 जनवरी, 2023 |
| (ii) | बैडमिंटन | ओडिशा | 10 से 14 जनवरी, 2023 |
| (iii) | सांस्कृतिक कार्यक्रम | गोवा | 1 से 5 मार्च, 2023 |
| (iv) | कुश्ती | उत्तर प्रदेश | 10 से 12 अक्टूबर, 2023 |
| (v) | कबड्डी | केरल | 30 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2023 |

- Procurement of Field Infrastructure to the tune of Rs. 57.55 crore during F.Y. 2022-23 through Circles.

79. Assignment of development of In-house Postal Applications under IT 2.0 to Centre of Excellence in Postal Technology (CEPT) by strengthening it with technology resources from outside as well from within the Department.

## T. Human Resource Management

### Human Resource

80. As on 31st March, 2023, there is a total of **4,17,114** employees in the Department of Posts, out of which, **1,77,412** are Departmental Employees and **2,39,702** are Gramin Dak Sevaks (GDSs). As on 31st March, 2023, there were 29,741 Scheduled Caste and 13,705 Scheduled Tribe employees in various grades in the Department. As on 31st March, 2023, there were 2858 differently-abled employees, 2159 Ex-servicemen, 18 Ex-servicemen (differently-abled), 35,847 women and 40,588 OBC employees in various grades in the Department.

## U. Staff Welfare & Staff Relations

### Staff Welfare, Sports and Cultural Activities

81. The Postal Services Staff Welfare Board has been set up at the Directorate level to oversee all welfare related activities including promotion of Sports and Cultural activities for the employees of the Department. Minister of Communications is the Chairperson of the Board. There are Circle Welfare Boards too at the Circle level; there being 23 Circles in all. The assistance for Welfare measures for Departmental employees is provided under the following schemes:-

- Financial assistance in case of death
- Financial assistance to Employees due to illness/disability
- Financial assistance to Wards of Employees for Educational purposes
- Financial assistance to Employees-Recreation Activities
- Other miscellaneous Grants

82 The objective of the Postal Sports Board is to promote Sports activities in the Department. All India Postal Tournaments organized by Postal Sports Board (1st January 2023 to 31st December 2023) are as under:-

| Sl.No. | Event | Hosting Circle | Period |
|---|---|---|---|
| (i) | Athletic & Cycling | Kerala | 9th to 11th January, 2023 |
| (ii) | Badminton | Odisha | 10th to 14th January, 2023 |
| (iii) | Cultural Meet | Goa | 1st to 5th March, 2023 |
| (iv) | Wrestling | Uttar Pradesh | 10th to 12th October 2023 |
| (v) | Kabaddi | Kerala | 30th Oct to 2nd Nov 2023 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (vi) | टेबल टेनिस | आंध्र प्रदेश | 22 से 26 नवम्बर 2023 |
| (vii) | फुटबाल | ओडिशा | 4 से 8 दिसंबर, 2023 |
| (viii) | क्रिकेट | राजस्थान | 14 से 20 दिसंबर, 2023 |
| (ix) | वॉलीबॉल | गुजरात | 19 से 22 दिसंबर, 2023 |

## फ. विधिक मामले

83. 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार, विभिन्न न्यायालयों में लंबित न्यायिक मामलों की संख्या तालिका में दी गई है :–

| क्र. सं. | न्यायालय | मामलों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सर्वोच्च न्यायालय | 110 |
| 2. | उच्च न्यायालय | 4013 |
| 3. | जिला एवं सत्र न्यायालय | 1477 |
| 4. | अधिकरण | 10843 |
| 5. | अन्य | 4663 |
| | **कुल** | **21106** |

## न. आंतरिक लेखापरीक्षा तंत्र

84. डाक निदेशालय में आंतरिक लेखापरीक्षा डिवीजन मुख्यं लेखांकन प्राधिकारी, डाक विभाग की ओर से आंतरिक लेखापरीक्षा कार्यों को निष्पादित करता है। यह डिवीजन, नए आंतरिक लेखापरीक्षा तंत्र के अनुसार वार्षिक आधार पर मुख्य पोस्टमास्टर जनरल का कार्यालय, डाक लेखा कार्यालय, क्षेत्रीय पोस्ट मास्टर जनरल का कार्यालय और ऐसी ही अन्य यूनिटों का भी आंतरिक लेखापरीक्षा निरीक्षण करता है।

## भ. जागरुकता और आउटरीच

85. डाक विभाग, डाक उत्पादों और सेवाओं की विजिबिलिटी और उनके बारे में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यनीतियों को लागू कर अपनी बदलती भूमिका के अनुसार स्वयं को सक्रिय रूप से ढ़ाल रहा है। समग्र सरकार आधारित दृष्टिकोण अपनाते हुए, विभाग अन्य मंत्रालयों और विभागों के साथ सहयोग कर अधिकतम प्रभाव हेतु संयुक्त सोशल मीडिया अभियान संचालित करता है। 31 दिसम्बर, 2023 की स्थिति के अनुसार, डाक विभाग के फॉलोअर्स की संख्या काफी अधिक हैः **विभाग के फेसबुक पर 4,34,706 फॉलोअर्स, ट्विटर पर 5,35,705, इंस्टाग्राम पर 1,11,237 एवं कू पर 6,99,497 फॉलोअर्स हैं,साथ ही, यू–ट्यूब पर विभाग के लगभग 14,713 सब्सक्राइबर हैं।**

### राष्ट्रीय एकता दिवस

86. राष्ट्रीय एकता दिवस, सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष वर्ष 31 अक्तूबर को मनाया जाता है। यह, देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता को हाने वाले खतरों का सामना करने के लिए हमारी अंतर्निहित शक्ति, सामर्थ्य और लचीलेपन की पुनःपुष्टि करने का एक विशेष अवसर है। इस अवसर

| | | | |
|---|---|---|---|
| (vi) | Table Tennis | Andhra Pradesh | 22nd to 26th November 2023 |
| (vii) | Football | Odisha | 4th to 8th December 2023 |
| (viii) | Cricket | Rajasthan | 14th to 20th December 2023 |
| (ix) | Volleyball | Gujarat | 19th to 22nd December 2023 |

## V. Legal Matters

83. The number of court cases pending in various courts as on 31.12.2023 is tabulated as under:-

| Sl. No. | Court | Number of Cases |
|---|---|---|
| 1 | Supreme Court | 110 |
| 2 | High Courts | 4013 |
| 3 | District & Session Courts | 1477 |
| 4 | Tribunals | 10843 |
| 5 | Others | 4663 |
| **TOTAL** | | **21106** |

## W. Internal Audit Mechanism

84. Internal Audit Division in Postal Directorate performs the Internal Audit functions on behalf of Chief Accounting Authority, Department of Posts. It conducts the Internal Audit Inspection of Chief Postmaster General Offices, Postal Accounts Offices, Regional Postmaster General Offices and also such units on annual basis according to the New Internal Audit Mechanism.

## X. Awareness and Outreach

85. Department of Posts is proactively adapting to its evolving role by implementing various strategies to enhance the visibility and awareness of Postal products and services. Embracing a Whole-of-Government approach, Department collaborates with other Ministries and Departments, running joint Social Media Campaigns to maximize impact. As of December 31, 2023, the Department of Posts has a substantial following: **4,34,706 followers on Facebook, 5,35,705 on Twitter, 1,11,237 on Instagram & 6,99,497 on Koo, with approx. 14,713 subscribers on YouTube.**

**Rashtriya Ekta Diwas (National Unity Day)**

86. Rashtriya Ekta Diwas is observed on 31st October every year on the occasion of Birth Anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel, which is a special occasion to re-affirm the inherent strength and resilience of our people to withstand threats to the security, unity and integrity of the Country. On this Occasion,

पर 31 अक्तूबर, 2023 को सभी डाक सर्कलों में राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ समारोह, 'रन फॉर यूनिटी' और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन

87. डाक विभाग ने 9 से 13 अक्तूबर, 2023 तक **राष्ट्रीय डाक सप्ताह** का आयोजन किया, जिसमें प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) और MyGov के सहयोग से प्रभावी कार्यकलापों, कार्यक्रमों और वेबिनारों की श्रृंखला का आयोजन किया गया।

88. **विश्व डाक दिवस (9 अक्तूबर, 2023)** के अवसर पर कुल 4,920 कार्यालयों ने विश्व डाक दिवस और राष्ट्रीय डाक सप्ताह से संबंधित बैनरों को प्रदर्शित किया और 272 प्रेस इंटरैक्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

89. **वित्तीय सशक्तिकरण दिवस (10 अक्तूबर, 2023)** के अवसर पर सर्कलों द्वारा सक्रिय अभियानों का आयोजन किया गया, जिसमें डाकघर बचत बैंक/इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (पीओएसबी/आईपीपीबी) खाते खोलने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस प्रकार यह दिन वित्तीय सशक्तिकरण को समर्पित रहा।

90. **फिलैटली दिवस (11 अक्तूबर, 2023)** के अवसर पर स्कूलों में 1133 इंटरएक्टिव सत्रों में महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें 1 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। 366 स्थानों में आयोजित फिलैटली संबंधी कार्यशालाओं और संगोष्ठियों में 30,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

91. **मेल और पार्सल दिवस (12 अक्तूबर, 2023)** के अवसर पर विभाग ने 1774 ग्राहक बैठकें और 1128 कर्मचारी कार्यशालाएं आयोजित कीं। इनमें 10,000 से अधिक ग्राहकों और 19,000 से अधिक स्टाफ सदस्यों को मेल और पार्सल डिलीवरी के क्षेत्र में हुए नवीनतम विकास और इस क्षेत्र में अपनाई गई सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों की जानकारी प्रदान की गई।

92. **अंत्योदय दिवस (13 अक्तूबर, 2023)** के अंतर्गत आयोजित किए गए 1235 वित्तीय साक्षरता शिविरों में 43,385 लोगों ने भाग लिया। एलडब्ल्यूई/पिछड़े क्षेत्रों में 67,638 आधार नामांकन/आधार अद्यतन कार्य, पीएम जन सुरक्षा योजनाओं के तहत 4977 नामांकन और 3929 जीएजी (समूह दुर्घटना गार्ड) पॉलिसी जारी करना, इसके तहत प्राप्त की गई उल्लेखनीय उपलब्धियां हैं।

### डाक चौपाल – डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम

93. विभाग ने "डाक चौपाल" नामक एक नई पहल शुरू की है। इसे सितंबर 2023 में पूरे देश में शुरू किया गया। डाक चौपालों की परिकल्पना प्रत्येक नागरिक के द्वार तक सरकारी सेवाएँ पहुंचाना और प्रभावी सेवा डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए की गई है। डाक चौपाल के माध्यम से 'ऑन द स्पॉट' सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिससे नागरिकों के लिए आवश्यक सरकारी सेवाएं तुरंत सुलभ हो जाती हैं।

Rashtriya Ekta Diwas Pledge ceremony, 'Run for Unity' and other programmes were organized in all Postal Circles on 31st October, 2023.

**Celebration of National Postal Week**

87. Department of Posts celebrated **National Postal Week** from 9th to 13th October, 2023 with a series of impactful activities, programs and webinars, collaborating with Press Information Bureau (PIB) and MyGov.

88. On **World Post Day (9th October, 2023),** a total of 4,920 offices displayed the World Post Day and National Postal Week Banners, engaging in 272 Press interactions.

89. **Vittiya Sashaktikaran Diwas (10th October, 2023)** witnessed proactive campaigns organized by Circles, focusing on the opening of Post Office Savings Bank/India Post Payments Bank (POSB/IPPB) Accounts and the procurement of PLI/RPLI policies, culminating in a day dedicated to financial empowerment.

90. **Philately Day (11th October, 2023)** brought about significant engagement with 1133 interactive sessions in schools involving over 1 lakh students. Philatelic workshops and seminars in 366 locations attracted more than 30,000 participants.

91. On **Mails and Parcels Day (12th October, 2023)**, Department organized 1774 customer meets and 1128 staff workshops, ensuring more than 10,000 customers and over 19,000 staff members who were apprised of the latest developments and best practices in Mail and Parcel delivery.

92. **Antyodaya Diwas (13th October, 2023)** featured 1235 financial literacy camps attended by 43,385 individuals. Noteworthy achievements include 67,638 Aadhaar enrollments/updates in LWE/Backward areas, enrolment of 4977 PM Jan Suraksha Schemes and 3929 GAG (Group Accident Guard) policies.

**Dak Chaupal - Dak Community Development Program**

93. Department has taken the initiative of “Dak Chaupal” which was launched in September 2023 across the country. Dak Chaupals are envisaged to ensure that Government Services are brought to the doorstep of citizens, covering the last mile and fostering effective service delivery. Dak Chaupals provide on the spot services, offering citizens immediate access to essential Government services.

**Department of Posts**
Dak Bhawan, Sansad Marg, New Delhi-110001
India Post Call Centre (1800 266 6868)

**Follow, Subscribe & Like us on:**

@indiaPostOffice @PostOffice.in indiapost_dop

YouTube @indiapost_dop Public:@IndiaPostOffice Koo@indiapost

www.indiapost.gov.in